दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
MPHIN/2021/83938
नई सोच नई पहल
ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 256 | ग्वालियर, गुरुवार, 06 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए





## न्यूज ट्रैक

### लॉन्च व्हीकल से जोड़ा गया चंद्रयान-3 का ये अहम हिस्सा, कहां तक पहुंची प्रक्षेपण की तैयारी



चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की एक अनुमानित तारीख 12 से 19 जुलाई के बीच तय की गई है. अगर सबकुछ ठीक रहा और चीजें योजना के मुताबिक हुई तो 13 जुलाई को इसके लॉन्च होने की उम्मीद जताई गई है. इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल में कहा था कि मिशन लॉन्च के लिए जल्द से जल्द संभावित तारीख चुनी जाएगी.चंद्रयान 2 के बाद चंद्रयान 3 भारत का तीसरा चंद्र मिशन है. इसमें एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल प्रोपल्शन मॉड्यूल और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य अंतर-ग्रहीय मिशनों के लिए जरूरी नई तकनीकों को विकसित और प्रदर्शित करना है.इसरो के मुताबिक, लैंडर में चंद्रमा पर एक निर्दिष्ट जगह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता है जो अपनी गतिविधि के दौरान चंद्र सतह का अपने स्थान पर रासायनिक विश्लेषण करेगा. चंद्र सतह पर प्रयोग करने के लिए लैंडर और रोवर के पास साइंटिफिक पेलोड होंगे.बता दें कि 22 जुलाई 2019 को चंद्रयान-2 को प्रक्षेपित किया गया था. उस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे थे.

### मुझे विलेन की तरह दिखाया, अजित पवार का हमला, शरद पवार ने पार्टी सिंबल का जिक्र




..महाराष्ट्र में उठे सियासी तूफान के बीच एनसीपी के दोनों गुटों ने बुधवार (5 जुलाई) को मुंबई में शक्ति प्रदर्शन किया. शरद पवार के नेतृत्व वाली बैठक का आयोजन मुंबई के वाईबी चव्हाण केंद्र में किया गया. जबकि डिप्टी सीएम अजित पवार के नेतृत्व में एमईटी बांद्रा में बैठक आयोजित की गई. इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा.

1. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने करीब 19 साल पुराने किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि 2004 के विधानसभा चुनाव में एनसीपी के पास कांग्रेस से ज्यादा विधायक थे. अगर हमने उस समय कांग्रेस को मुख्यमंत्री पद नहीं दिया होता, तो आज तक महाराष्ट्र में केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का ही मुख्यमंत्री होता.

2. अपने गुट के एनसीपी नेताओं की बैठक में अजित पवार ने दावा कि 2017 में भी हमारी वर्षा बंगले पर मीटिंग हुई थी. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं छगन भुजबल, जयंत पाटिल के आदेश पर मैं और कई अन्य लोग वहां गये थे. वहां बीजेपी के कई नेता भी थे. हमारे बीच कैबिनेट पोर्टफोलियो आवंटन के पदों पर चर्चा हुई, लेकिन बाद में हमारी पार्टी ने कदम पीछे खींच लिए.

3. उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव के बाद भी एक बड़े उद्योगपति के घर पवार साहब, मैं और प्रफुल्ल पटेल बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस से मिले थे. तब भी सरकार बनाने की सब बात तय की गई, लेकिन बाद में क्या हुआ, आप सबने देखा है.

4. शरद पवार की बढ़ती उम्र पर टिप्पणी करते हुए अजित पवार ने कहा कि आपने मुझे सबके सामने विलेन के रूप में दिखाया है. मेरे मन में अभी भी उनके (शरद पवार) लिए सम्मान है. आप मुझे बताएं, आईएएस अधिकारी 60 साल की उम्र में रिटायर हो जाते हैं. राजनीति में भी बीजेपी नेता 75 साल की उम्र में रिटायर हो जाते हैं. आप लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का उदाहरण देख सकते हैं.

5. उन्होंने कहा कि इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका मिलता है. आप (शरद पवार) हमें अपना आशीर्वाद दें, लेकिन आप 83 वर्ष के हैं, क्या आप रुकने वाले नहीं हैं? हमें अपना आशीर्वाद दें और हम प्रार्थना करेंगे कि आपकी उम्र लंबी हो. अजित पवार के साथ एनसीपी के 53 में से 31 विधायकों का समर्थन है.

6. इसी बीच शरद पवार ने भी अपने गुट के नेताओं की बैठक को संबोधित किया. एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि आज पूरा देश हम पर नजर रख रहा है. एनसीपी के लिए यह बैठक ऐतिहासिक है. हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ते रहना होगा. हमें सत्ता की भूख नहीं है. हम लोगों के लिए काम करते रहेंगे.

7. एनसीपी अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न हमारे पास है, वह कहीं नहीं जाएगा. जो लोग और पार्टी कार्यकर्ता हमें सत्ता में लाए, वे हमारे साथ हैं. जिन विधायकों ने अलग होने का फैसला किया, उन्होंने हमें विश्वास में नहीं लिया. अजित पवार ने किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया.


8. मुंबई में अपने गुट के नेताओं की बैठक में शरद पवार ने कहा कि अगर अजित पवार को कोई समस्या थी तो उन्हें मुझसे बात करनी चाहिए थी. अगर उनके मन में कुछ था तो वह मुझसे संपर्क कर सकते थे.

9. शरद पवार ने इस दौरान बीजेपी पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि आपने (बीजेपी) एनसीपी को भ्रष्ट कहा तो अब आपने एनसीपी के साथ गठबंधन क्यों किया है. उद्धव ठाकरे के साथ जो हुआ वह दोहराया गया है. शरद पवार के नेतृत्व वाली बैठक में 16 विधायक शामिल हुए.

10. एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने भी अजित पवार पर हमला किया.

# यह बिल देश के नागरिकों के डिजिटल डेटा को सुरक्षित करने के बारे में बात करेगा.

मोदी कैबिनेट ने बुधवार (5 जुलाई) को डिजिटल इंफार्मेशन प्रोटेक्शन बिल यानी डेटा प्रोटेक्शन बिल के मसौदे को मंजूरी दे दी. इसे संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा. विधेयक के मसौदे में कहा गया है कि इस बिल के पास हो जाने के बाद यदि कोई भी इकाई इस बिल के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है तो उस पर 250 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा. बीते साल दिसंबर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बयान में कहा था कि उनकी सरकार मानसून सत्र तक इस बिल को कानून की शक्ल देने की कोशिश करेगी. इससे पहले अप्रैल 2023 में, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने देश के नागरिकों की पर्सनल डिटेल को प्रोटेक्ट करने के वास्ते एक नया डेटा संरक्षण विधेयक तैयार कर लिया है और वह जुलाई में संसद के मानसून सत्र में इस बिल को संसद के पटल पर पेश करेगी. देश में बढ़ती डिजिटल क्रांति के बीच सरकार के ऊपर देश के नागरिकों के



डेटा प्रोटेक्शन को लेकर बवाल बढ़ रहा था. ऐसे में देश की कई पॉलिसी संस्थाओं से सरकार से लगातार अपील की जा रही थी कि वह डाटा संरक्षण के लिए एक ऐसे कानून का निर्माण करे जो देश के नागरिकों के डाटा को प्रोटेक्ट करने का काम करे. ऐसे में यह डेटा प्रोटेक्शन बिल नागरिकों (डिजिटल नागरिक) के अधिकारों और कर्तव्यों को निर्धारि करने का काम करेगा और दूसरी ओर डेटा फ्रॉड को नियंत्रित और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित करने का काम करेगा.द मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक डेटा प्रोटेक्शन बिल कुल 6 समस्याओं/परेशानियों को अड्रेस करता है और उनको कानूनी रूप से संरक्षण देने पर बात करता है. यह बिल डेटा इकॉनमी के छह सिद्धांतों पर आधारित है, जिनमें से पहला भारत के नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा के स्टोर और उपयोग के बारे में बात करता है. पहले नियम के मुताबिक देश के पर्सनल डेटा का संग्रह और उपयोग लीगल मीडियम से होना चाहिए और इसके मिसयूज को कंट्रोल करते हुए उसके प्रोटेक्शन को लेकर पारदर्शिता बनाई जानी चाहिए.

## दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में आपसी झगड़े के बाद फायरिंग, आपस में भिड़े वकील




*दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में वकीलों के दो गुटों के बीच झड़प की खबर सामने आई है, जिसके बाद हवा में फायरिंग भी की गई. वकीलों के दो गुटों में झड़प के बाद हवाई फायरिंग हुई. हालांकि इस फायरिंग में किसी को भी गोली नहीं लगी. बताया जा रहा है कि एक दूसरे को डराने के लिए ये हवाई फायरिंग की गई. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फायरिंग करने वाले वकील कौन थे और आखिर किस बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ था. सब्जी मंडी पुलिस थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है. जिसके बाद पूरी घटना की जांच शुरू हो गई है. तीस हजारी कोर्ट परिसर में मौजूद लोग फायरिंग के बाद दहशत में आ गए. हालांकि गनीमत ये रही कि किसी को भी गोली नहीं लगी, बताया गया कि वकीलों ने सामने वाले गुट को पीछे धकेलने के लिए फायरिंग का इस्तेमाल किया. पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि फायरिंग किस हथियार से की गई और ये कोर्ट परिसर में कैसे आया. हर एंगल से दिल्ली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. इससे पहले दिल्ली की साकेत कोर्ट में भी फायरिंग की एक घटना हुई थी. यहां एक वकील ने महिला पर कई राउंड फायरिंग की. जिससे महिला घायल हो गई. गोलीबारी के बाद पूरे कोर्ट परिसर में हलचल मच गई और बाद में हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया. बताया गया था कि महिला से इस वकील की दुश्मनी चल रही थी, जिसके चलते उसने कोर्ट परिसर में उस पर फायरिंग कर दी. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था. इसके अलावा भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब कोर्ट परिसर में खुलेआम फायरिंग की गई.*

### अजित पवार के आने से शिंदे गुट बेचैन, विधायक बोले- हमारे साथ बीजेपी नेता भी नाराज

अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद जिस बात का सबसे ज्यादा डर था, वही होना शुरू हो गया है. अजित पवार को सरकार में शामिल करने पर सीएम एकनाथ शिंदे की अपनी ही पार्टी शिवसेना में विरोध शुरू हो गया है. शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा, अजित पवार के साथ आने ने शिवसेना और बीजेपी दोनों के विधायकों में नाराजगी है. हमने सीएम को इस बारे में बता दिया है.जब एकनाथ शिंदे बीते साल बगावत की थी, तो उनके गुट ने कहा था कि वे एनसीपी के साथ नहीं रह सकते,

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को कई राजनयिकों से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोपीय संघ और कैरेबियाई देशों के राजनयिकों से मुलाकात कर उनके साथ भाजपा के इतिहास, भाजपा संगठन, भाजपा की नीतियों एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर चर्चा करेंगे। भाजपा को जानें कार्यक्रम के तहत भारत में तैनात मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोपीय संघ और कैरेबियाई देशों के मिशन प्रमुखों (राजदूतों या उच्चायुक्तों) के समूहों के साथ जेपी नड्डा की यह मुलाकात पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में बुधवार शाम 4-30 बजे के लगभग होगी। बता दें कि 6 अप्रैल 2022 को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारत में तैनात विदेशी राजनयिकों के जरिए विदेश के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए भाजपा को जानें कार्यक्रम की शुरुआत की थी। भाजपा अध्यक्ष इस तरह के पिछले पांच कार्यक्रमों के दौरान अब तक 56 देशों के राजनयिकों (मिशन प्रमुखों) से बातचीत कर चुके हैं। भाजपा को जानें कार्यक्रम के तहत पार्टी अपनी ऐतिहासिक यात्रा, विचारधारा, संरचना और चल रही गतिविधियों पर विदेशी राजनयिकों को विस्तार से जानकारी देती है। इस तरह की बैठक के दौरान नड्डा पार्टी के इतिहास, संघर्ष, सफलता, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में योगदान के बारे में भी विस्तार से बताते हैं।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है

. इस बीच बुधवार (05 जुलाई) को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से एक बड़ी बैठक की गई. बैठक के बाद बोर्ड ने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की है कि यूसीसी का विरोध किया जाए.ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ये बैठक करीब 3 घंटे तक चली. एआईएमपीएलबी की ओर से कहा गया, ÷विरोध करने के लिए बस एक लिंक पर क्लिक करना होगा, जहां पर विरोध की लाइनें




पहले से ही मौजूद हैं. बस अपनी मेल आईडी से उसे लॉ कमीशन को भेजना होगा.÷

क्या बोले बोर्ड के सदस्य?बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि यूसीसी के मसले पर चर्चा हुई है और जो बातें हुई उसमें आपत्तियों के तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई. इसे लेकर एक लिंक जारी किया गया और आम लोगों से इसका विरोध करने की अपील की गई है.

## मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष नहीं बना पा रहा है चुनावी मुद्दा, यही है 2024 लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत



देश की सत्ता हासिल करने के लिए होने वाले सियासी जंग में अब महज 10 महीने का ही वक्त बचा है. ऐसे में सत्ताधारी दल बीजेपी के साथ ही कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल भी अपनी-अपनी रणनीति बनाने और उसे वास्तविक आकार देने में जुटे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद और बीजेपी की देशव्यापी ताकत को देखते हुए विपक्षी दलों के बीच एकजुटता का प्रयास भी जारी है.इन सबके बीच अलग-अलग राज्यों में बीच-बीच में सियासी हलचल भी देखने को मिल रहा है. अभी महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा भूचाल आया हुआ है. पिछले कई महीनों से विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार को अपने भतीजे अजित पवार की बगावत के बाद खुद अपनी पार्टी को बचाने की जद्दोजहद से जूझना पड़ रहा है.उधर नौकरी के बदले जमीन केस में सीबीआई की ओर से तेजस्वी यादव को आरोपी बनाए जाने के बाद विपक्षी एकजुटता की मुहिम को धार देने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार और आरजेडी के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की अटकलें भी लगाई जाने लगी है. नीतीश कुमार और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के बीच 3 जुलाई को हुई बैठक के बाद इन अटकलों को और हवा मिली है.वहीं कांग्रेस की ओर से भी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी के खिलाफ विपक्षी दलों की लामबंदी को लेकर कोई ज्यादा सक्रियता नहीं दिख रही है. इस मसले पर आगे बढ़कर अलग-अलग विपक्षी दलों को भरोसे में लेने को लेकर कांग्रेस में गंभीरता का साफ अभाव झलक रहा है.भा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ एक मजबूत विपक्षी गठबंधन बने या न बने ..ये तो भविष्य में तय होगा, लेकिन एक बात जरूर है कि चुनावी मुद्दों को लेकर कांग्रेस के साथ ही विपक्षी दलों के हाथ तंग नज़र आ रहे हैं. कोई भी चुनाव मुद्दों और उन मुद्दों के जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है. उसमें भी जब बात लोकसभा चुनाव की हो तो इस नजरिए से देशव्यापी चुनावी मुद्दों का महत्व बेहद बढ़ जाता है. ये वो बिन्दु है, जहां कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल फिलहाल बीजेपी से काफी पीछे नज़र आ रहे हैं.सीधे शब्दों में कहें तो विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ वैसा चुनावी मुद्दा नहीं बना पा रहा है, जिसको हथियार बनाकर बीजेपी को मात दे सके और यही पहलू 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत साबित होने वाला है.ऐसा नहीं है कि विपक्षी दलों के लिए मुद्दों की कमी है, लेकिन उन मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने की क्षमता और उसे जनता के बीच पहुंचाने की रणनीति का अभाव जरूर विपक्षी दलों में दिखता है.

## तेलंगाना में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी के सामने क्या है बड़ी चुनौती?

तेलंगाना में अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को जीत दिलाना नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी के लिए एक बड़ी चुनौती होगी. लंबे समय से तेलंगाना में पांव पसारने के प्रयासों में जुटी बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी पर भरोसा जताया है और उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है.रेड्डी को बीजेपी को तेलंगाना की सत्ता में लाने के लिए राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत से उत्साहित कांग्रेस की चुनौती का सामना करना पड़ेगा. सूत्रों ने बताया कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि किशन रेड्डी के लिए तत्काल कार्य राज्य पार्टी इकाई में सुचारु कामकाज सुनिश्चित करना है.बीजेपी में आंतरिक खींचतान और घटनाक्रम को लेकर मीडिया की अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश करते हुए, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मंगलवार




को संजय कुमार की जगह पर रेड्डी को राज्य पार्टी प्रमुख नियुक्त किया था. रेड्डी ने राज्य बीजेपी अध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति को लेकर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है.तेलंगाना में बीजेपी ने एक और अहम नियुक्ति की है. विधायक एटेला राजेंद्र को राज्य में चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है. सूत्रों ने बताया कि किशन रेड्डी को अब बीजेपी के सामंजस्यपूर्ण कामकाज को सुनिश्चित करने और इसे आगे की बड़ी चुनावी लड़ाई के लिए तैयार करने की चुनौती का सामना करना होगा.तेलंगाना में बीजेपी के प्रवक्ता के. कृष्ण सागर राव ने कहा कि राज्य पार्टी अध्यक्ष के रूप में किशन रेड्डी की नियुक्ति से ''अन्य दलों से आये विभिन्न नेताओं के बीच टकराव'' का समाधान हो जाएगा. उन्होंने बुधवार (05 जुलाई) को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''वह (किशन रेड्डी) एक अनुभवी नेता हैं. वह मुद्दों को हल कर सकते हैं. उनके पास वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकर मुद्दों को सुलझाने के लिए शिष्टता, सामर्थ्य और धैर्य है.'विधानसभा चुनावों के लिए राज्य बीजेपी को उत्साहित करने और सत्तारूढ़ बीआरएस तथा कांग्रेस से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने के बारे में पूछे जाने पर कृष्ण सागर राव ने बताया कि चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति से बीजेपी को फायदा होगा.उन्होंने दावा किया कि राज्य में बीजेपी को लगातार बढ़त मिलती दिख रही है. उन्होंने कहा, ''बीजेपी के लिए जनता का समर्थन बरकरार है और लोग ''परिवार द्वारा संचालित सरकार'' के खिलाफ इसके विकास वाले एजेंडे को देखते हुए अभी भी बीजेपी को (सत्तारूढ़ बीआरएस के) विकल्प के रूप में देखते हैं.''

**दमोह विधानसभा सीट कि नैया डावांडोल**

# जमीनी स्तर के नेता है, दमोह कि जनता की पहली पसंद

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले की राजनीति का एक बड़ा इतिहास है, सन 1980 से दमोह की राजनीति को लोगों ने काफ़ी क़रीब से देखा सुना और जाना है। सन 1980 का वह दशक था जहां दमोह की राजनीति टंडन परिवार की कैद को तोड़कर उन्मुक्त होना चाह रही थी उस समय एक विधानसभा उपचुनाव हुआ जिसमें मुख्य मुकाबला अनिल टंडन और जयंत मलैया के बीच हुआ था,लोग कहते हैं जयंत मलैया ने अपनी राजनीतिक पारी खेलने के लिए युवा कांग्रेस से शुरुआत की थी, लेकिन उपचुनाव की टिकिट मिलने की शर्त पर वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा से लडने को तैयार हो गये थे, यद्यपि उनके पिताजी जनसंघी थे।दीपक चुनाव चिन्ह से वह विधानसभा और लोकसभा पहले लड़ चुके थे,और हार भी चुके थे। सन 1981-82 के इस उपचुनाव की खास बात यह रही कि सत्ता रूढ़ दल कांग्रेस उपचुनाव हार गई। दमोह से युवा जयंत मलैया चुनाव जीते,साथ ही कांग्रेस में इस उप चुनाव में एक होनहार युवा मुकेश नायक के रूप में एक अलग पहचान मिली,किंतु कहते हैं कि कुछ ही समय बाद 1983 में जब आम चुनाव हुए तो जयंत मलैया के सामने उपचुनाव से निकले हुए युवा मुकेश नायक सामने थे। यह आम चुनाव कुछ ही मतो से जयंत मलैया हारे थे। इस हार के पीछे कई कहानियां आज तक प्रचलित है। सन् 1983 की उस हार के बाद आगामी लगभग छह सात पंचवर्षीय में जयंत मलैया लगातार जीतते रहे लेकिन 2008 में लोधी कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभान सिंह ने मलैया की जीत का अंतर कुछ ही सैकड़ों में कर दिया। इसके बाद 2018 के उपचुनाव में हिन्डोरिया के युवा राहुल सिंह ने लगभग 3900 मतों से जयंत मलैया को हरा दिया। इस हार से जयंत मलैया का विजय रथ रुक गया। कुछ समय बाद ही राहुल सिंह ने कांग्रेस से पाला बदला और वह भाजपा में शामिल हो गए।मार्च 2021 के उपचुनाव जो कोरोना



संक्रमण काल में हुआ वहीं दलबदल का दंश और पुराने कुछ भाजपाई कार्यकर्ताओं का भितरघात उपचुनाव में राहुल सिंह को हराने में सफल रहा। यद्यपि इस हार के पीछे की कहानियां कुछ और है। इस उपचुनाव में भितरघात करने वाले कुछ



कार्यकर्ताओं को पार्टी का निष्कासन भी झेलना पड़ा था।अब 2023 की चुनावी तैयारियों का जोर है, जहां निष्कासित कार्यकर्ता भाजपा में वापसी कर चुके हैं,वही उनके समर्थक उस पुराने परिवार में फिर से टिकिट की आशा लगाए बैठे हैं। दूसरी ओर



राहुल सिंह भी आश्वस्त हैं कि जब दल परिवर्तन के समय किये गये वादों में 2023 की टिकिट भी शामिल हैं। यह भी सच है कि जयंत मलैया की लंबी पारी की वजह से भाजपा को अभी तक कोई ब्राह्मण चेहरे नहीं मिले है, लेकिन इस बार ऐसा



नहीं है। ब्राह्मण समाज से एक ऊर्जावान और मिलनसार चेहरा सतीश तिवारी के रूप में टिकिट के दावेदारों में प्रमुख हैं। सतीश तिवारी का चेहरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है इसलिए सतीश तिवारी की दावेदारी को कम आंकना भूल होगी।



भाजपा के संभावित चेहरे

यह भी सच है कि जयंत मलैया जब खुद मंत्री थे,तब हार नहीं बचा पाए तो अब जीतेंगे ही ऐसा कहना ग़लत होंगा,जो भितरघात उपचुनाव में राहुल सिंह के साथ जिन लोगों ने किया है यदि उनमें या उनके परिवार में किसी को भाजपा टिकिट देती



है,तो यह आत्मघाती कदम भी हो सकता है, क्योंकि अब राहुल सिंह के समर्थक भी वैसे ही पलटवार के लिए तैयार बैठे हैं। इस प्रकार भाजपा के 2023 चुनाव संभावित दावेदारों में, राहुल सिंह,सतीश



कांग्रेस के संभावित चेहरा

तिवारी,और मलैया परिवार के बीच ही रहेंगी।इसका सच तो आने वाले विधानसभा चुनाव तक पता चलेगा।2023 के विधानसभा चुनाव में यदि कांग्रेस की ओर से देखा जाए तो प्रबल दावेदार अजय टंडन ही दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उपचुनाव



आम आदमी पार्टी से संभावित चेहरा

की टिकिट के समय अपने साथियों से किए गए वादों के अनुसार अगली टिकिट मनु मिश्रा,रतन चंद्र जैन या कांग्रेस पार्टी कि जुझारू महिला कार्यकर्ता निधि श्रीवास्तव को दी जाती है तो ये सभी अपना दमखम लगाने में पीछे नहीं रहेगे।बात करें अगर महिला मोर्चा कि नेत्री निधि श्रीवास्तव कि तो वह वर्ष 2012 से लगातार कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों जैसे पंचायती राज संगठन की जिला अध्यक्ष,महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री, पी सी सी डेलीगेट प्रदेश प्रवक्ता मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, मध्यप्रदेश के अनेक जिला में समन्वयक, अनेक राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश,दिल्ली,गुजरात, उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी की तरफ से चुनाव के केंम्पयिन के लिए जिम्मेदारी एवं समन्वयक की भूमिका, हरियाणा के संगठन चुनाव में बी आर ओ की भूमिका एवं अनेक जिम्मेदारियाँ कांग्रेस पार्टी में रहकर दे रही है और कांग्रेस पार्टी इन नेताओं पर अगर हाथ आजमाती है तो इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन यह तभी संभव है जब कांग्रेस एक जुट रहेंगी, वर्ना राजनीति के गलियारों में इस बार अजय टंडन की डगर भी कठिन होगी।विधानसभा 2023 का चुनाव जैसे जैसे नजदीक आयेगा टिकिट के दावेदारियां बढ़ेगी घटेगी और यह तो वक्त ही तय करेगा, लेकिन दमोह विधानसभा इस बार दोनो दलो के लिए बड़ी चुनौती होगी।मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी भी 230 सीट पर अपने प्रत्यासियों को मैदान में उतार रही है और बात करें अगर दमोह की तो आप पार्टी के जिले के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ इलेक्ट्रिकल व्यवसायी अनुभव पिंकू गौतम की तो आने वाले चुनाव में पार्टी इन पर दांव खेल सकती है,और वह आप पार्टी से अकेले ऐसे प्रत्यासी है जो शहर में आप पार्टी से उभरते हुये चेहरे है,आपको बता दे पिंकू गौतम जिन्हें शहर के लोग दादा के नाम से जानते है,इनकी युवाओं, शहर के व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्य क्षेत्रों में जनता के बीच अच्छी खाशी पक? है निश्चित रूप से अगर पार्टी इन्हें टिकिट देती है तो भाजपा,कांग्रेस कि वोटो का अंतर कम जरूर होगा और इसका परिणाम आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा।

## प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**


**पन्ना** - आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन राज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामकिशोर नानो कांवरे ने बुधवार को पन्ना प्रवास के दौरान स्थानीय सर्किट हाउस में पौधरोपण किया। जनअभियान परिषद के तत्वाधान में प्रभारी मंत्री द्वारा आंवले का पौधा रोपा गया। इस मौके पर म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री शैलेन्द्र बरूआ, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता सहित सतानंद गौतम, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, अपर कलेक्टर श्री नीलाम्बर मिश्र, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक एवं अंकुर अभियान के सहायक नोडल अधिकारी श्री आनंद पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में 173.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - जिले में विगत 1 जून से 5 जुलाई तक 173.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष उक्त अवधि में 153.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मि.मी. है।अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र अमानगंज में सर्वाधिक 255.2 मि.मी. तथा सिमरिया में सबसे कम 69.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई, जबकि पन्ना में 251.6 मि.मी., देवेन्द्रनगर में 242.9 मि.मी., गुनौर में 204.1 मि.मी., पवई में 244 मि.मी., शाहनगर में 87.6 मि.मी., रैपुरा में 82.6 मि.मी. और अजयगढ़ में 125.7 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## खनिज मंत्री पहाड़ीखेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का करेंगे भूमिपूजन



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना - खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह गुरूवार, 6 जुलाई को दोपहर 2 बजे ग्राम इटवांखास में खिरवा पुल का लोकार्पण करेंगे। 3.30 बजे ग्राम रहुनिया में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत 4 बजे पहाड़ीखेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे।कैबिनेट मंत्री श्री सिंह शुक्रवार, 7 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे ग्राम मगरदहा, 3.30 बजे ग्राम रमजूपुर (धरमपुर) तथा 4.30 बजे ग्राम लोड़ापुरवा में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके उपरांत ग्राम नत्थूपुरवा, भीना, किशनपुर और अजयगढ़ के स्थानीय कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## सीधी में आदिवासी युवक के साथ हुये अमानवीय कृत्य के संबंध में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों नें ज्ञापन सौपा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। भाजपा नेता और सीधी विधानसभा विधायक के विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला के द्वारा एक आदिवासी दशमत रावत के मुंह पर पेशाब करके जो अमानवीय कृत्य कर मानवता को शर्मसार करने का कार्य किया गया है उसकी आम आदमी पार्टी निंदा करता है और इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से निम्न बिंदुओं की मांग करता है, दशमत रावत पिता सोनई रावत निवासी ग्राम करौली पोस्ट कुबरी जिला सीधी सहित पूरे परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।दशमत रावत को सामाजिक सम्मान क्षति पूर्ति के लिए 10लाख कि राशि प्रदान की जाए और पीड़ित दशमत रावत के ऊपर पेशाब करने वाले अपराधी प्रवेश शुक्ला के ऊपर रासुका एवं घर को जमींदोज करने की कार्रवाई तत्काल की जाए। अपराधी प्रवेश शुक्ला के साथ इस घिनौने कृत्य में शामिल अन्य लोगों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस पूरे मामले की बिना किसी राजनैतिक दबाव के टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए जिससे कि पीडित दशमत रावत को न्याय मिल सके और उनका परिवार स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके।इस दौरान आवेदन देने वालों नें पीड़ित को तत्काल न्याय दिलाने और अपराधी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर सम्पूर्ण मांगों को पूरा करने की मांग की एवं मांगों को अनदेखा किया गया तो आम आदमी पार्टी न्याय के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



## महिला कर्मचारियों को मिलेगा 7 दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - राज्य शासन द्वारा सभी महिला शासकीय कर्मचारियों को वर्ष भर में 7 दिवस का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश (सीएल) स्वीकृत किया गया है। यह सात दिवस का अवकाश राज्य शासन के पूर्व में जारी शासकीय कर्मचारियों को 13 दिवस के आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा। इस प्रकार महिला कर्मचारी वर्षभर में कुल 20 दिवस का आकस्मिक अवकाश अपनी आवश्यकता के अनुरूप उपयोग कर सकेंगी।

## लाल चौक पर तिरंगा झंडा फिराया रन्नौद टीम



**रामस्वरूप रजक**
**पुष्पजलि टुडे**

भारतीय जनता पार्टी रन्नोद मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने श्री नगर पहुँच कर लाल चौक पर तिरंगा झंडा फैराया साथ ही भारत माता के जय कारे लगाएएवं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया जब से मोदी जी ने धारा 370 हटाई है तब से कश्मीर के अंदर अब हालात अच्छे हुए हैं
**मौजूद रहे**-मंडल अध्यक्ष अवध बोहरे जी, जिला कार्यसमिति सदस्य विपिन शर्मा जी, शैलेन्द्र जैन जी, प्रदीप जैन जी,प्रबीन मिश्रा जी, कृष्ण कांत शर्मा जी, लाला सैन जी, मनी जैन जी, विक्रांत जी, अविनाश जी

## 129 वें गुरुपूर्णिमा संगीत समारोह के द्वितीय दिवस कथक नृत्य ने समा बांधा

***रीतेश अवस्थी***
***पुष्पांजली टुडे***

***दमोह।*** *129 वें गुरुपूर्णिमा संगीत समारोह के द्वितीय दिवस की रात्रिकालीन सभा में , आकृति जैन (इंदौर) के समूह कथक नृत्य ने गजब का समा बांधा। अत्यंत प्रभावकारी नृत्य प्रदर्शन मे भाव भंगिमा, पद संचालन, मुख मुद्रा आदि की अत्यंत समन्वित, लयात्मक तथा भावपूर्ण प्रस्तुति ने बकायन के सुधी श्रोताओं, महिला दर्शको का हृदय जीत लिया। नृत्य का आरंभ गुरुवंदना, प्राचीन संस्कृत गीत ÷मधुराष्टकम् ÷ ने जबरदस्त प्रभाव छोड़ा। भजन, तराना, ठुमरी- मोहे छेडो न नंद के लालातथा नृत्य का समापन एक बंदिश, बिजुरी चमके से हुआ। समूह के कलाकार लावण्या नामदेव, कनिषा साहू, मृणाली द्विवेदी,ने श्रेष्ठ समन्वय पूर्ण साथ दिया। द्वितीय दिवस की महत्वपूर्ण गतिविधी पूज्य नानासाहेब पानसे के चित्र का पूजन, आरती, गंडा बंधन होकर, हनुमान मंदिर तक संगीत यात्रा का प्रस्थान तथा हनुमान मंदिर में पुरातन परंपरागत बंदिशों का गायन-वादन किया गया। रात्रि-सभा का प्रारंभ बकायन परंपरा की पुरातन बंदिश गायन से किया गया, जिसमे पं. अरुण दादा के निर्देशन में युवा शिष्यगणों द्वारा ध्रुपद, तराना, सरगम तथा तिरवट का प्रभावी गायन किया गया। तबले पर संगति रामकृष्ण पटेल तथा हारमोनियम पर लोकेंद्र विश्वकर्मा ने संगति की। रात्रि-सभा के प्रारंभ मे पूर्व परंपरानुसार संगीत-रामायण पाठ-गायन, तीसरी पीढ़ी के वयोवृद्ध शिष्य पं. रामचरण तिवारी तथा शिष्य गणों द्वारा किया गया। आमंत्रित प्रथम कलाकार, श्रेष्ठ ध्रुपद गायक, अभिजीत सुखदाणे ने,जो संस्कृति विभाग द्वारा संचालित ध्रुपद केंद्र ग्वालियर तथा ग्राम बेहट मे गुरुपद पर है, द्वारा मानसूनी राग मेघ मे आलाप, जोड, झाला सहित, सूलताल मे निबद्ध ध्रुपद बंदिश की प्रभावी प्रस्तुति दी,द्रुत सूलताल में, गणपति मूरत हस्त मेघ प्रस्तुत किया गया। पखावज पर संगति पं. संजय पंत आगले ने की।*




***अगले क्रम में इंदौर में संगीत–*** *प्राध्यापक डॉ. पूर्वी निमगांवकर ने राग जोग मे विलंबित ख्याल तथा अद्धा तीनताल में सजनी कित गये श्याम मुरारी÷ द्रुत बंदिश का प्रभावी गायन किया। आपने गायन का समापन तराना तथा मिश्र खमाज में दादरा की प्रस्तुति से किया। हारमोनियम पर संगति पं.देवेंद्र वर्मा, दिल्ली तथा तबले पर सागर के डॉ. राहुल स्वर्णकार ने की। रात्रि-सभा का समापन मुंबई से पधारी ज्येष्ठ गायिका नीलिमा देहाडराय द्वारा प्रस्तुत राग- मधुकौस मे विलंबित ख्याल, मोहे दरस दीजै तथा द्रुत ख्याल, जा जा रे पथिकवा से किया। श्रोताओं के आग्रह पर आपने, कबीर तथा रैदास के दो भजन तथा एक मराठी अभंग से गायन का समापन किया। समारोह के द्वितीय दिवस का समापन इमला वाले बजरंग तथा पूज्य पं.नानासाहेब की जयजयकार तथा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।*

## मध्यप्रदेश के सिंधी जिले भाजपा विधायक केदार नाथ शुक्ला के विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला के द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करते हुए नजर आए इसको लेकर आज खरगोन कलेक्टर कार्यालय पहुंच आदिवासियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

हल ही में मध्यप्रदेश के सिंधी जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं विधायक प्रतिनिधि द्वारा एक आदिवासी युवक के उपर घोर अमानवीय कृत्य करते हुए उसके उपर मुत्र विसर्जन किया गया जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है ऐसी घटनाएं लगातार हों रही है और सरकार द्वारा ऐसे गंभीर मामला को सरकार लिपापोती कर मामले को समाप्त कर देती है इससे ऐसा मेहशुश होता की सरकार की सोच आदिवासी विरोधी है आदिवासी समाज के प्रति क्या भावना रखते हैं यह सिंधी जिले की घटना से स्पष्ट हो रहा है जो सरकार आदिवासी समाज की सुरक्षा नहीं कर सकती उनका संरक्षण नहीं कर सकती



उसे मध्यप्रदेश में राज करने का कोई अधिकार नहीं है सिंधी जिले की घटना को लेकर सभी आदिवासी जन कांग्रेस के माध्यम से इस पुरी घटना की न्यायिक जांच की मांग करते हैं साथ ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पुरे आदिवासी समाज से माफी मांगे और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश में आदिवासियों समाज के उपर अत्याचार इसी प्रकार होते रहे तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी मध्यप्रदेश में 18 वर्ष के भाजपा के शासन काल में या दौरान में आदिवासि समाज पर लगातार अत्याचार बढ रहे मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव डाक्टर गोविंद मुज्लेद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि नाइक बिस्टान ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पंकज सिंह ठाकुर युवा नेता प्रतिक सिंह पंवार जिला पंकज पंवार विकास सेनानी ब्लाक अध्यक्ष सेंकड़ों आदिवासी उपस्थित रहे

## खरगोन शहर के तिलक पथ से ज्योति नगर तक करीब डेढ़ किमी सड़क निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को छात्र संगठन एनएसयूआई ने आंदोलन की राह अख्तियार की

*छात्रों ने अंजुमन नगर में इकट्ठा होकर खस्ताहाल हो चुके इस मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। इस दौरान छात्र सड़क पर जमा हुए बारिश के पानी में बैठकर नारेबाजी करते रहे, इस समस्या पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया। रैली के दौरान नारेबाजी करते हुए छात्र नपा कार्यालय पहुंचे जहां नपा अधिकारी को उक्त सड़क निर्माण की मांग का आवेदन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रजत शर्मा, अक्षय रघुवंशी, निलेश सागोरे आदि ने बताया कि शिवराज मामा अमेरिका से अच्छी सड़को की बात करते है और मुख्यालय पर भांजे खस्ताहाल सड़क से होकर स्कूल पहंच रहे है। बार-बार नपा से मांग करने पर बारिश के दिनो में सिलकोट, चुरी डाल दी जाती है, जो नाकाफी होती है। इस मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए है, जिसमें पानी जमा है। इस गड्ढे का पानी वाहनों की आवाजाही के दौरान आस.पास के दुकानदारों और राहगीरों पर उछलता है। इससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मांग के बाद भी नपा इस सड़क को बनाने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। आंदोलन में क्षेत्रीय पार्षद ज्योति मोरे भी शामिल हुई। पार्षद ने शहर में हो रहे विकास कार्यो में भेदभाव का आरोप लगाते हुए, कहा कि उक्त मार्ग 2020-21 में स्वीकृत हो चका है, बावजूद इसके नपा द्वारा उक्त मार्ग को बनाने में रुचि नही दिखाई। नतीजतन अब यह समस्या जनआंदोलन का रुप लेने लगी है।*

## उमरी पुलिस ने 80000 कीमती चोरी गई ट्रॉली को जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि**





श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मनीष खत्री , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरबूजे के निर्देशन तथा श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिंड अरविंद शाह के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी उमरी और उनकी टीम द्वारा 80000 रूपये कीमती चोरी गई ट्रॉली को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया दिनांक 05-06-23 को फरियादी संतोष यादव पुत्र सोबरन सिंह यादव ग्राम रुर ने थाना उमरी में रिपोर्ट की कि दिनांक 27-05-23 को मैंने अपने ट्रैक्टर की ट्रॉली गांव में स्कूल के पास खड़ी कर दी है और मैं अपनी ससुराल मैनपुरी चला गया था दिनांक 27 -05-23 को जब मैं घर वापस आया तो मुझे मेरी ट्रॉली नहीं मिली जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गए फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना उमरी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 143/23 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया चोरी गई की ट्रॉली की बरामदगी हेतु एक टीम का गठन किया गया टीम द्वारा मजबूत मुखबिर तंत्र की मदद से चोरी के ट्रॉली का पता लगाया तथा मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया जिसे पूछताछ पर अपने अन्य दो साथियों के साथ ट्रॉली चोरी करना बताया आरोपी के मेमोरेंडम के मुताबिक चोरी गई ट्रॉली ग्राम किटी से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है

## पोषण पखवाड़ा के तहत भाटसन पंचायत हॉल में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया





**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

आईसीडीएस शाखा पाटन 2 ने अंतर्राष्टीय बाजरा वर्ष 2023 और पोषण पखवाड़ा के भाग के रूप में भाटसन में एक व्यंजन प्रतियोगिता और विभिन्न व्यंजन प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें खीचड़ो, सलाद, बाजरे के आटे की सुखड़ी, सरगवां पत्ता मुठ्ठी, हांडवो, गैस, जैसे 32 अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए गएश्री वर्षाबेन हडिओल, भाटसन मुख्य सेविका द्वारा व्यंजन प्रतियोगिता में बाजरे के महत्व एवं उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। भाटसन पे सेंटर स्कूल के शिक्षक श्री नीलेश श्रीमालीने विभिन्न पोषक तत्वों का उदाहरण देकर किस प्रकार का भोजन करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रके एच.वी. बेन श्री लीलाबेन जोशी ने सभी व्यंजनों में पोषक तत्वों की समझ के साथ-साथ अंकुरित फलियों के महत्व और कच्चे भोजन के महत्व व विभिन्न प्रोटीन, विटामिन और खनिजों की महत्वपूर्ण बातों से अवगत करवाया। इस व्यंजन प्रतियोगिता में आंगनबाडी बहनों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।इस अवसर पर गांव के सरपंच, डेयरी मंत्री, डेलिकेट, शिक्षक भाई-बहन, गांव के अग्रणी, 15 से 35 वर्ष की महिलाएं, आंगनबाडी कार्यकर्ता, तेडागर आदि उपस्थित थे।निर्णायकों द्वारा स्वच्छता व पोषक तत्वों को ध्यान में रखते हुए तीन रैंक दी गई। जिसमें बाजरे के आटे की सुखड़ी को प्रथम, सलाद को द्वितीय और खिचड़ो पकवान को तृतीय स्थान दिया गया।



## शिक्षा से ही व्यक्ति व व्यक्तित्व का विकास संभव : उमाराम चौधरी

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू** ।मैसूर रोड स्थित सीरवी समाज आईमाता वडेर केगेरी में राजस्थान से पधारे सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक सी.सी.एफ. उमाराम चौधरी का स्वागत समारोह रखा गया ।वडेर के अध्यक्ष कन्हैयालाल लचेटा सचिव सुरेश सीरवी सह- सचिव रूपाराम राठौड़ कोषाध्यक्ष खीवाराम पवांर एवं समाज के पदाधिकारियों ने उमाराम चौधरी का माला शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया ।इस कार्यक्रम में उमाराम सीरवी ने कहा की शिक्षा से ही व्यक्ति व व्यक्तित्व का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शिक्षा के लिए सही दिशा व उचित मार्गदर्शन के साथ प्रयास करना चाहिए। नव चयनित प्रतिभाओं छात्र छात्राओं के लिए प्रतिमा समारोह आयोजन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## अच्छे और बुरे कर्म ही आत्मा के साथी : मंहत हरिदास



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू** ।अग्रहार दासरहल्ली स्थित रामदेवजी प्रार्थना मंदिर के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास में सनातन धर्म राजस्थानी महंत हरिदास महाराज ने प्रवचन में कहा कि जहा सूर्य की किरण हो वही प्रकाश होता है। जहां प्रेम की भाषा हो वही परिवार होता है । जन्म लेना हमारे हाथ में नही है । लेकिन जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है ।और जब सुख की संभावना हमारे हाथ में है, तो फिर हम क्यों भाग्य को कोसे और दूसरों को दोष दें। जब सपने हमारे है तो कोशिश भी हमारी होनी चाहिए। तप करने से तन ,प्रभु दर्शन से मन शुद्ध होता है । इस कार्यक्रम में सनातन धर्म के सदस्य एवं रामदेव भक्त मंडल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में पुरूष महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता समाज का आईना है : डा.भारद्वाज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**पत्रकारो का मनाया जन्मदिन**



**भिण्ड ।** पत्रकार समाज का आईना है ऐसे में पत्रकार को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करना चाहिए,तथ्यों पर आधारित समाचार से न केवल समाचार पत्र की विश्वसनीयता बढ़ती है,बल्कि समाज को भी एक नई दिशा मिलती है। ये उदगार आज भिण्ड जिले के तीन प्रतिष्ठित पत्रकार मुकेश मिश्रा, दीपक चौधरी और पवन भारद्वाज के जन्मदिवस पर अपने निज निवास पर कांग्रेस के प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज ने कही। श्री भारद्वाज ने कहा पत्रकारिता में संवेदनशीलता भी जरूरी है। आज उनका जन्मदिवस मनाने का जो अवसर मिला उसके लिए में आप सब का आभारी हूं ।जिले के तीन पत्रकार भाइयों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। पत्रकार मुकेश मिश्रा,दीपक चौधरी,पवन शर्मा इन सभी पत्रकार भाइयों का जन्मदिन कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज के निवास पर फूल माला पहनाकर व केक काटकर मनाया गया। पत्रकार सौरभ शर्मा अकोड़ा को भी सोशल मीडिया के जरिए जन्मदिन की बधाइंया मिलीं। इस अवसर कवि सुनील त्रिपाठी निराला,प्रदीप राजावत,राहुल भारद्वाज,आदित्य दुवेदी,कृष्ण कांत शर्मा,मनोज सैंथिया,दीपू दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 40वीं पुण्य तिथि पर अंबादत्त भारतीय स्मृति संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित किया गया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

### अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया स्व. हरिकृष्ण सिंह जी ने

**सीहोर**। जिस दौर में नगर के पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, आर्य समाज के सचिव और साप्ताहिक सीहोर टाईम्स के संस्थापक संपादक हरीकृष्ण सिंह थे, वह दौर आदर्श और सिद्धांतों पर चलने वालों का दौर था। नगर के लोग स्व. हरिकृष्ण सिंह को दद्दा, बापू और मंत्रीजी के नाम से पुकारते थे। नगर के लोग उन्हें 40 वर्ष बाद भी सम्मान के साथ याद करते हैं, यह बहुत बड़ी बात है।यह विचार शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवर दयाल गोहिया ने बुधवार को दद्दा की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने दद्दा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और उन्हें विलक्षण प्रतिभा का धनी निरूपित किया।कार्यक्रम को आफाक अली बहादुर, आशीष गहलोत, राजाराम पहलवान बड़े भाई, दद्दा के सुपुत्र पत्रकार संतोष सिंह, हरीश चंद्र आर्य आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शैलेंद्र पहलवान, सुरेश सोनी, विवेक शर्मा, संदीप आर्य, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रामनारायण श्रीवास, विजय आर्य, देवऋषि गोहिया आदि उपस्थित थे।





**स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित**–बिलकिसगंज रोड स्थित ग्राम नई चंदेरी शा.मा. शाला में दद्दा की स्मृति में शाला के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका एवं जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश राय थे। इस अवसर पर श्री राय ने शाला के पितृ विहीन 2 बच्चों को आर्थिक मदद मुहैया कराई।कार्यक्रम में रामनारायण श्रीवास, मंत्रीजी के पुत्र संतोष सिंह,शाला की शिक्षिका आरती राठौर उपस्थित थीं।अंत में आभार मंत्रीजी की पुत्र वधु शिक्षिका श्रीमती रेखा सिंह ने व्यक्त किया।



**जिला कांग्रेस कार्यालय में भी जनों ने मंत्रीजी को अर्पित किये श्रद्धा सुमन**–बसस्टेंड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में भी कांग्रेसजनों ने दद्दा को श्रद्धा से याद किया। इस मौके पर युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र ठाकुर,राजाराम ब? भाई,नईम नवाब राजेश यादव, संतोष सिंह, के.के रिछारिया, भगत सिंह तोमर, एन यू.एस आई अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर, राजकुमार राठौर, रामायण प्रसाद शुक्ला, हर्षदीप राठौर, अरूण राय, सिद्धांत राय, यश यादव, तारा यादव, सुनील दुबे, पूरन शाक्य, यमन यादव मौजूद थे।



## श्रीमती प्रियंका गांधी ग्वालियर में 21 को विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी : खिजर कुरैशी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

*भिण्ड । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्टीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ग्वालियर में एक विशाल जनसभा को 21 जुलाई समय दोपहर 12 बजे संबोधित करेंगी। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि यह जानकारी मध्य प्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह द्वारा दी गई है। ग्वालियर चंबल संभाग व मध्य प्रदेश कांग्रेसजन से नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी ने अपील की है,कि ग्रामीण अंचलों,कस्बों,नगरों से कांग्रेसजन,भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपा सरकार के खिलाफ होने वाले शंखनाद में भागीदारी सुनिश्चित कर लाखो की संख्या में पहुचें,उन्होंने कांग्रेस संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सक्रियता के साथ अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है ।*

सम्पादक की कलम से

# जनता से छल

महाराष्ट्र में राकांपा में टूट और राजग के कुनबे का विस्तार करते हुए बागियों का सरकार में शामिल होना राजनीतिक अनिश्चितताओं के साथ नेताओं के सत्ता मोह को भी दर्शाता है। विधायकों का रातों-रात पाला बदलकर दूसरे की सरकार में शामिल होना बताता है कि सत्ता के लिये परिवार व पार्टी के कोई मायने नहीं हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि दल-बदल निरोधक कानून आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाने में नाकामयाब रहा है। बल्कि कहा जा सकता है कि सत्ता के लिये महत्वाकांक्षी राजनेताओं ने कानून के प्रावधान में नये छिद्र तलाशे हैं। बल्कि यूं कहें कि दलबदल का दायरा बड़ा हो गया है। इस बदलाव का संकेत यह भी है कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल सत्ता व अन्य ताकत के स्रोतों के जरिये किसी भी दल में तोड़फोड़ करने में सक्षम हो जाता है। राज्य में सरकार बनाने के लिये पहले भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव के बाद भाजपा से नाता तोड़कर शिवसेना का कांग्रेस, राकांपा आदि दलों के साथ सरकार बनाना, फिर शिवसेना में विद्रोह और भाजपा के साथ बागी शिवसैनिकों का सरकार में शामिल होना बताता है कि कैसे राजनेता किसी दल विशेष के खिलाफ जनता से वोट मांगते हैं और फिर सत्ता सुख के लिये उसी विरोधी राजनीतिक दल के बगलगीर हो जाते हैं। निस्संदेह, ये मतदाताओं के साथ छल ही है। आप ने दूसरे मुद्दों पर वोट मांगा और किसी दल विशेष के खिलाफ जनादेश पाया और बाद में कुर्सी के लिये उसी दल की सरकार का हिस्सा हो गये। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र में राजनीतिक विद्रूपता के साथ ही राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी खासे विवाद हुए। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। लेकिन एक बात तो तय है कि कदम-कदम पर लोकतांत्रिक शुचिता का हनन जारी है। बहरहाल,सत्ता सुख के लिये राजनीतिक विद्रूपताओं का चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है। वहीं दूसरी ओर राकांपा में चाचा -भतीजे की महत्वाकांक्षाओं से उपजी फूट में कहीं न कहीं परिवारवादी राजनीति का हश्र भी सामने आया है। देश में कुछ दशकों से परिवारवाद की राजनीति का जो विद्रूप चेहरा सामने आया है, यह उसकी परिणति ही है। हालांकि, पहले भी अजीत पवार भाजपा के साथ मिलकर सरकार चलाने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन हालिया संकट तब उपजा जब शरद पवार ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटी सुप्रिया सुले को सौंपी। यही पुत्री मोह शरद पवार को भारी पड़ गया। निस्संदेह, जो राजनीतिक दल परिवारवाद की राजनीति का पोषण करते हैं उन्हें कालांतर परिवार के बिखराव का दंश भी भुगतना ही पड़ता है। बहरहाल, यह घटनाक्रम न केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस बल्कि महाविकास अघाड़ी के लिये भी बड़ा झटका है। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों शुरू हुई विपक्षी एकता की कोशिशों को भी इस घटनाक्रम से क्षति पहुंची है। जाहिर तौर पर तोड़फोड़ के इस खेल का लक्ष्य अगले साल होने वाला आम चुनाव भी है।

# दलीय हित पर समझौते को प्राथमिकता ही कारगर रणनीति

राष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करने और कई बार क्रांतिकारी बदलावों की शुरुआत बिहार से हुई। साल 1974 में जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के विरुद्ध सम्पूर्ण क्रांति का बिगुल बजाया। उसके बाद 1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा लालकृष्ण अडवाणी की रथयात्रा को भी बिहार के समस्तीपुर में रोका गया। ये दोनों भारत के राजनीतिक इतिहास को प्रभावित करने वाली प्रमुख घटनाएं हैं।



लगता है कि अब इतिहास एक बार फिर स्वयं को दोहराने जा रहा है जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी राजनीतिक ध्रुवों के 15 प्रमुख राजनेताओं को एक मंच पर लाकर 'मोदी हटाओ' के अभियान को धार प्रदान कर दी है। यद्यपि सीएम नीतीश कुमार की इस पहल को अमलीजामा पहनाने की राह में अनेक अड़चनें हैं जिनमें आपसी वैचारिक मतभेद, क्षेत्रीय नेताओं का अहम? और कई मामलों में निजी कटुता विशेषकर कांग्रेस के प्रति दुर्भाव शामिल है। वहीं विपक्ष के पास ऐसे कद्दावर नेता का अभाव है जो नरेंद्र मोदी को टक्कर दे सके। यही कारण है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नीतीश कुमार के इस प्रयास को 'मृगतृष्णा' की संज्ञा दी है। वहीं दावा किया कि इससे पूर्व विपक्षी एकता के प्रयासों की भांति यह प्रयास भी असफल होगा।

इसका पहला उदाहरण आम आदमी पार्टी का मामला है। यदि कांग्रेस दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा लाये अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करती है तो वह इस एकता का हिस्सा नहीं बनेगी जिसका लाभ भाजपा को साल 2024 के लोकसभा चुनाव में आप शासित दिल्ली और पंजाब में मिलेगा।

हाल ही में कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिली जीत से कांग्रेस का मनोबल ऊंचा है मगर उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी लंबी लड़ाई है। लोकसभा चुनावों से पहले इस वर्ष के अंत में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभाओं के चुनाव हैं जहां कांग्रेस के समक्ष दो राज्यों अपनी सरकारें बचाना और एक में जीतना बड़ी चुनौती है। इन राज्यों में चुनावी विजय के लिए भाजपा कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी।

यदि 2024 के लोकसभा चुनावों की बात की जाए तो जानकार एकमत हैं कि लगभग 150 सीटों पर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला है। ये संसदीय क्षेत्र राजस्थान, हिमाचल, कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में हैं। वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी का हिस्सा है जिसमें एनसीपी भी शामिल है।

रणनीति के अनुसार विपक्ष का प्रयास है कि हर सीट पर भाजपा के मुकाबले केवल एक ही प्रत्याशी खड़ा किया जाए। लेकिन विपक्षी दलों को इसमें काफी कठिनाई आयेगी क्योंकि कई दलों को ऐसी कई सीटों पर समझौता करना होगा जहां वे स्वयं को मजबूत मानते हैं। इसी प्रकार कांग्रेस को भी उन राज्यों में अन्य दलों के साथ सीटें साझा करनी होंगी जहां उनका प्रभाव है। प्रश्न उठता है कि क्या कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी के लिए व पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए सीटें छोड़ेगी। लेकिन कांग्रेस के लिए तमिलनाडु, बिहार और महाराष्ट्र में अधिक सीटें मिलने की संभावना है जहां लोकसभा की 128 सीटें आती हैं। कांग्रेस का यहां क्षेत्रीय दलों से गठबंधन है।

यद्यपि दिल्ली अध्यादेश के कारण कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में कुछ खटास है लेकिन राहुल गांधी ने यह कहकर आपसी एकता के प्रयासों को बल दिया है कि भाजपा और संघ की विचारधारा का मुकाबला एकजुटता से ही हो सकता है, सभी दलों को राजनीतिक व निजी विरोधों को अलग रखना होगा। लेकिन इसके बावजूद अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के खिलाफ मुखर थे। हालांकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती आदि ने एकता का समर्थन कर केजरीवाल द्वारा की गयी टिप्पणियों को नजरअंदाज कर दिया। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे व एनसीपी नेता शरद पावर के विचार भी एकता को प्राथमिकता देने वाले थे।

विश्लेषकों का मानना है कि 15 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने एक मंच पर आकर सैद्धांतिक तौर पर सहमति दी कि 2024 के लोकसभा चुनाव एकजुट होकर लड़े जाने चाहिए ताकि भाजपा को हटाया जा सके। लेकिन इसे अमलीजामा पहनाने के लिए मशक्कत करनी होगी। 'मोदी हटाओ' अभियान को सफलता तभी मिलेगी जब क्षेत्रीय क्षत्रप और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाली कांग्रेस पार्टी लचीला रुख अपनाए। यदि सभी दल कुछ नुकसान उठाने को तैयार नहीं होते तो एकता नहीं हो पाएगी और लाभ भाजपा को मिलेगा। मानना होगा कि भाजपा के पास सशक्त नेतृत्व, समर्पित कार्यकर्ता और संसाधन हैं जो सभी चुनाव जीतने के लिए आवश्यक हैं।

पटना में एकजुट हुए राजनीतिक दल 200 से अधिक लोकसभा सीटों पर प्रभाव रखते हैं लेकिन 2019 में एकजुटता के अभाव में केवल 63 सीटें ही जीत पाए थे। इसके मुकाबले बैठक से दूर रहे आंध्र के मुख्यमंत्री जगन रेड्डी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 43 सीटें जीती थीं और इनका अभी तक का झुकाव भाजपा की ओर है। इन परिस्थितियों में क्षेत्रीय दलों के नेताओं द्वारा समझौते को प्राथमिकता देकर ही भविष्य की रणनीति बनाई जा सकेगी ताकि प्रत्येक सीट पर भाजपा को सीधी टक्कर दी जा सके। पटना बैठक के निर्णय मुताबिक, अगली बैठक जुलाई मध्य में शिमला में तय है जहां आपसी मतभेद कम करने की क़वायद होगी। देखना होगा कि इसके क्या परिणाम निकलते हैं।

# चाचा-भतीजे और इतिहास के नतीजे

महाराष्ट्र के बड़े नेता अजित पवार भाजपा-शिवसेना सरकार की तरफ जा चुके हैं। चाचा उधर रह गये, भतीजे इधर आ गये। राजनीति कारोबार है, इधर से उधर चलता रहता है। ब्रांडों के लिए भी ऐसा होता है। जो ब्रांड आज उस कंपनी का होता है, वह कल प्रतिस्पर्धी कंपनी का हो सकता है। अजित पवार कल तक जिस सरकार को कोस रहे थे, आज वह उस सरकार के मंत्री हो जाते हैं। इसे बेशरमी नहीं रणनीति कहा जाता है। वैसे बेशरमी अपने आप में बड़ी रणनीति है।

दरअसल, जो ब्रांड बदलता नहीं है, वह खत्म हो जाता है, ब्रांडों का इतिहास यह बताता है। नोकिया सुपर क्लास टाप ब्रांड था करीब तीन दशक पहले, अब कहीं नहीं दिखता। ब्रांड या नेता अगर बदलता नहीं है, तो खत्म हो जाता है। अजित पवार डायनामिक ब्रांड की तरह से बदल रहे हैं, इसलिए सुपर नेता हैं। भाजपा के साथ उप-मुख्यमंत्री थे, फिर शिवसेना सरकार के साथ भी टॉप पोजीशन में रहे, अब शिवसेना सरकार की विरोधी भाजपा सरकार में भी सरकार महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री हो लिये।

हर शोरूम में फिट होने वाला ब्रांड कामयाब हो जाता है। अजित पवार कांग्रेस से लेकर शिवसेना से लेकर भाजपा तक सब जगह फिट हो लेते हैं। जो फिट नहीं हुए, वह इतिहास के कबाड़ में हैं। पर स्मार्ट ब्रांड वह होता है, जो यह जानता है कि बदलने के बाद जमने की क्षमता है या नहीं। संजय राऊत ब्रांड बदलवाकर उद्धव ठाकरे को दूसरी तरफ ले गये थे, वहां जम नहीं पाये। तो हर ब्रांड इधर से उधर जाकर कामयाब ही होता, तो फिर संजय राऊत और उद्धव ठाकरे को बेरोजगार नहीं होना चाहिए था।

मार्केटिंग का पहला नियम यह है कि बाजार डायनामिक है, हालात बहुत तेजी से बदलते हैं। अगर बदले हुए हालात को भांपने का हुनर नहीं है, तो देर-सवेर ब्रांड को गायब होना ही होता है। भारतीय पॉलिटिक्स और कारोबार में सबसे ज्यादा खतरा करीबी रिश्तेदारों से ही होता है। कई टॉप क्लास कारोबारों के परिवारों में आपस में झगड़े ऐसे हुए कि एक ही ब्रांड पर कई लोगों ने दावा कर दिया है। राजनीति में भी ऐसा होता है कि पार्टी के चुनाव चिन्ह पर सब दावा कर देते हैं कि चुनाव चिन्ह उन्हीं का है। एक ही ब्रांड पर लड़ते-भिड़ते एक ही परिवार के लोग उसी ब्रांड को ऐसे बांट लेते हैं कि उस ब्रांड से मिलते-जुलते ब्रांड एक ही परिवार से आ जाते हैं। इतिहास बताता है कि अलाउद्दीन खिलजी ने अपने चाचा जलालुद्दीन खिलजी को मारकर सत्ता हथिया ली थी। पहले के भतीजे क्रूर होते थे, चाचा को निपटा ही देते थे। अब जमाना बदल गया है। अब भतीजे सिर्फ सरकार छीन लेते हैं या चाचा के खिलाफ जाकर किसी और सरकार को ज्वाइन कर लेते हैं।

इससे हमें समझना चाहिए कि पॉलिटिक्स और कारोबार में इतिहास खुद को सिर्फ दोहराता ही नहीं है, बल्कि बार-बार दोहराता है।




पेज-6 बेयरस्टो विवाद के बीच ब्रिटिश PM का ऑस्ट्रेलियंस पर तंज

# गैंगस्टरों की गैरकानूनी आज़ादी पर बुलडोजर की तैयारी

## गैंगस्टर लाबी में खलबली छाई - कालापानी भेजने की प्लानिंग आई

## अपराध से करोगे यारी तो कालापानी भेजने की होगी तैयारी - जिंदगी नर्क बनेगी सारी - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज अनेक देश आतंकवाद, अपराध, हिंसा से जूझ रहे हैं इसका ताजा उदाहरण हम फ्रांस में भड़की हिंसा से समझ सकते हैं।बता दें हमारे पीएम 13 जुलाई को फ्रांस जाकर 14 जुलाई 2023 को बैस्टिल डे परेड में शामिल होंगे और 26 राफेल एंड (मरीन) लड़ाकू विमानों का सौदा होने की उम्मीद है। भारत घरेलू हिंसा से अधिक बॉर्डर क्षेत्रोंसे हिंसा घुसपैठ आतंकी हमलों सेअधिक पीड़ति है परंतु घरेलू हिंसा का मुख्य जरिया जेल में बंद बड़े-बड़े गैंगस्टर को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां मानती है क्योंकि वह जेलमें बैठे-बैठे ही अपना रैकेट चलाते हैं,वसूली हिंसा हत्याओं को अंजाम देते हैं। पिछले कुछ वर्षों का आंकलन हम चार राज्यों की जेलों का करें तो मीडिया में बात सामने आती है कि वहां गैंगस्टरों द्वारा घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।अगर कोई गैंगस्टर जेल में ही स्विमिंग पूल बना सकता है, मोबाइल वीडियो कॉलिंग मनमाफिक मुलाकात वीआईपी सुविधाएं ले सकता है तो मेरा मानना है वह उच्चस्तरीय और जेल प्रशासन से मिलीभगत के सिवाय नामुमकिन है। वैसे भी दिल्ली की नामी जेल में अनेकों वारदातें होती रहती है, परंतु पिछले महीनों एक टिल्लू नामक कैदी की हत्या जिस तरह सीसीटीवी मीडिया कैमरों में दिखाया गया उससे कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसीलिए ही उस केस में अनेक जेल अधिकारियों को उनके गृह राज्य वापस ट्रांसफर कर दिया गया था परंतु समस्या जस की तस बनी हुई है।इसीलिए अब राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने अनेकों गैंगस्टरों की लिस्ट बनाकर उन्हें कालापानी जिसकी चर्चा हम नीचे करेंगे और डिब्रूगढ़ जेल स्थानांतरित करने की सिफारिश गृह मंत्रालय को की है, जो कैदियों के लिए एक नर्क का स्थान है। हमने बचपन में कालापानी की सजा का नाम सुन चुके हैं परंतु इसका मतलब मालूम नहीं था जिसकी चर्चा आज हम करेंगे। वैसे भी भारतीय जिलों में उनकी क्षमता से लगभग दोगुनी से अधिक संख्या में कैदी बंद हैं। दिल्ली के प्रतिष्ठित जेल में ही 5200 के स्थान पर 13000 से अधिक कैदी बंद है तो अन्य बाकी जिलों का अंदाजा लगाया जा सकता है। चूंकि अभी एनआईए ने गृह मंत्रालय से अनेकों कैदियों को कालापानी भेजने की सिफारिश की है, इसलिए आज हम मीडिया और एक टीवी चैनल ने बताई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अपराध से करोगे यारी तो कालापानी भेजने की होगी तैयारी, जिंदगी नर्क बनेगी सारी। साथियों बात अगर हम देश के बड़े गैंगस्टरों को कालापानी भेजने की प्लानिंग की करें तो, देश के हार्डकोर और दहशतगर्द गैंग्स्टरों को तिहाड़ जेल से निकालकर राजधानी से 3600 किलोमीटर दूर कालापानी जेल के नाम से फेमस अंडमान निकोबार की जेलों में शिफ्ट किया जाएगा। एनआईए की प्लानिंग पर अगर गृहमंत्रालय की मुहर लग जाती है तो वाकई में गैंग्स्टर्स के लिए वह काला दिन साबित होगा।हार्डकोर गैंगस्टर्स और सरकारों के नाक में दम करने वालों की अब खैर नहीं है। यह खबर सुनकर देश में गैंग्स्टर्स लॉबी के बीच खलबली मच सकती है। उनके माथे पर चिंता की लकीरें खींच सकती हैं। क्योंकि गैंग्स्टर लॉबी के नेक्सस को तो?ने के लिए एनआईए ने एक फुलप्रूफ प्लान बनाया है। देश की सबसे ब?ी जेलों में से एक चाहे तिहाड़ जेल हो या पंजाब की कोई भी जेल या फिर मुंबई और महाराष्ट्र की बड़ी जेलें। इन जेलों में बंद जेल गैंग्स्टर अपना अपना कारोबार बेधड़क होकर चलाते रहे हैं। खुद एनआईए की पूछताछ में पंजाब के गैंग्स्टर ने ये बात कबूल की कि वो जेल से ही सिंडीकेट चला रहा है। इसके साथ ही वह लोगों को धमकी देने के अपने धंधे से हर महीने 12 से 15 करोड़ रुपये कमा भी लेता है। जेलों में गैंगवॉर का खतरा, टिल्लू की हत्या इसका लेटेस्ट एग्जांपल है जेलों में यह भी देखा गया है कि जेल के भीतर अक्सर गैंगवॉर का खतरा बना रहता है। टिल्लू उसकी हत्या के बाद से ही यह बात सिर उठाने लगी थी कि जेलों में बंद खूंखार कैदियों और गैंग्स्टरों को कैसे और कहां शिफ्ट किया जाए ताकि जेल में गैंगवॉर जैसी खतरनाक वारदातों को कम किया जा सके।कई इन्वेस्टिगेशन तमाम छानबीन का हवाला देते हुए एनआईए ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी थी और कुछ सिफारिशें भी की थी। उसी चिट्ठी में सबसे पहली और बड़ी शिफारिश ये थी कि कैदियों को पहले तो एक दूसरे से अलग अलग किया जाए ताकि गैंगवॉर का खतरा कम हो। दूसरा इन गैंग्स्टरों की हरकतों पर लगाम लगाने के लिए भी जरूरी है कि उन्हें ऐसी जेल में भेजा जाए जहां उनके लिए अपना नेटवर्क बनाना आसान न हो ताकि जेल से हो रही वारदात और गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। एनआईए ने अपनी अपील में सिफारिश की है कि अलग अलग जेलों में बंद करीब 10 से 12 हजार कुख्यात गैंग्स्टरों को दूर दराज की जेलों में शिफ्ट कर दिया जाए। इस सिफारिश में जिस जेल का नाम सबसे ऊपर आया वो था अंडमान निकोबार की जेल थी। यानी एनआईए ने गृह मंत्रालय से अपील की है कि तिहाड़ से लेकर तमाम जेलों में बंद बड़े और शातिर बदमाश और कुख्यात गैंग्स्टरों को अंडमान की जेल में शिफ्ट कर देना चाहिए, इसके अलावा कुछ नामी बदमाश कैदियों को असम की डिब्रूगढ़ जेल में भी शिफ्ट करने की सिफारिश की गई है। साथियों बात अगर हमकालापानी जेल को समझने की करें तो, एक समय था जब अंडमान निकोबार में स्थित सेल्यूलर जेल बहुत चर्चित थी। इस जेल को लोग काला पानी सज़ा भी कहते हैं। आज भी इसे इसी नाम से जाना जाता है। इस जेल के नाम से ही कैदियों की रूह कांप जाती थी।इस जेल को अंग्रेजों ने बनवाया था, जोकि अंडमान निकोबार द्वीप की राजधानी पोर्ट ब्लेयर में स्थित है। 1942 में जापान ने अंडमान द्वीप पर कब्जा कर अंग्रेजों को खदेड़ दिया था।हालांकि 1945 में दूसरा विश्वयुद्ध खत्म होने पर ये फिर से अंग्रेजों के कब्जे में आ गया था। इस जेल को अंग्रेजों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को कैद रखने के लिए बनवाया था। कालापानी का भाव सांस्कृतिक शब्द काल से बना माना जाता है, जिसका अर्थ समय या मृत्यु होता है।यानीकाला पानी शब्द का अर्थ मृत्यु के उस स्थान से है, जहां से कोई भी वापस नहीं आता है। अंग्रेजों के जमाने में काला पानी जेल की सजा दी जाती थी। ये सजा मौत से भी बदतर मानी जाती थी क्योंकि इसमें व्यक्ति को जिंदा रहते हुए वो कष्ट सहने पड़ते थे, जो मौत से भी ज्यादा दर्दनाक होते थे और तड़पते हुए मौत होती थी। इस सजा के अंतर्गत अंग्रेजी सरकार का विरोध करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को उम्र भर के लिए काले पानी की सजा दे दी जाती थी ताकि उनके विरोध के कारण जो प्रभाव जनता पर पड़ा है वह पूर्णतः समाप्त हो सके और आगे से कोई भी व्यक्ति सरकार का विरोध करने की कोशिश न करे।सेल्यूलर जेल की नींव 1897 ईस्वी में रखी गई थी और 1906 में यह बनकर तैयार हो गई थी। इस जेल में कुल 698 कोठरियां बनी थीं और प्रत्येक कोठरी 15м8 फीट की थी। इन कोठरियों में तीन मीटर की ऊंचाई पर रोशनदान बनाए गए थे ताकि कोई भी कैदी दूसरे कैदी से बात न कर सके।सेल्यूलर जेलअंडमान के पोर्ट ब्लेयर में स्थित है। इस जेल को बनाने में करीब 10 साल लग गए थे। इस जेल की 7 ब्रांच थीं, जिसके बीच में एक टावर बना हुआ था। यह टावर इसलिए बनाया गया था ताकि कैदियों पर आसानी से नजर रखी जा सके। संभावित खतरे को भांपने के लिए इस टावर के ऊपर एक घंटा भी था। सेल्यूलर जेल को काला पानी के नाम से भी जाना जाता है। ये जेल एक औपनिवेशिक जेल है। इस सजा के अंतर्गत अंग्रेजी सरकार का विरोध करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को उम्र भर के लिए काले पानी की सजा दे दी जाती थी ताकि उनके विरोध के कारण जो प्रभाव जनता पर पड़ा है वह पूर्णतः समाप्त हो सके और आगे से कोई भी व्यक्ति सरकार का विरोध करने की कोशिश न करे जो अंग्रेजों के अत्याचारों की गवाह है। हालांकि अब ये जेल लोगों के लिए एक स्मारक के तौर पर मशहूर है, जिसे देखने के लिए देशभर के सैलानी पोर्ट ब्लेयर आते हैं। साथियों सेल्यूलर जेल को काला पानी कहा जाता था क्योंकि जेल के चारों तरफ समुद्र था और इसलिए कोई भी कैदी यहां से बच के जानेक की उम्मीद नहीं कर सकता था। सेल्यूलर जेल का उपयोग विशेष रूप से अंग्रेजों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान दूरस्थ द्वीपसमूह में राजनीतिक कैदियों को निर्वासित करने के लिए किया गया था। सेल्यूलर जेल में कैदियों के साथ बीमारियों का भी घर होता था। हर कोठरी पर छप्पर था जिसमें कैदियों के लिए सिर्फ दुख और भयंकर रोग भरे हुए थे। हवा बदबूदार और बीमारियों का खजाना थी। बीमारियां, असीमित खुजली और दाद जैसा एक और चर्मरोग जिसमें बदन की खाल फटने और छिलने लगती है, जो वहां बहुत ही आम थीं।जेल में कैदियों को कोई भी बीमारी होने के बाद उसका इलाज, सेहत की देखभाल और घाव भरने का कोई उपाय भी नहीं है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन पर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गैंगस्टरों की गैरकानूनी आज़ादी पर बुलडोजर की तैयारी।गैंगस्टर लाबी में खलबली छाई-कालापानी भेजने की प्लानिंग आई।अपराध से करोगे यारी तो कालापानी भेजने की होगी तैयारी, जिंदगी नर्क बनेगी सारी।



NA20200930

# आदिवासी के मुंह पर पेशाब करने के घृणित कृत्य से मानवता शर्मसार हुई : डॉ. गोविंद सिंह

### नेता प्रतिपक्ष ने वीडियो एवं शपथ पत्र की जांच के संबंध में मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि सीधी जिले में भाजपा के विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला निवासी ग्राम कुबरी द्वारा एक विक्षिप्त कोल आदिवासी दसमत रावत के मुँह पर पेशाब करने का घृणित कृत्य से मानवता शर्मसार हुई है, यह घोर अमानवीय कृत्य है, जिसकी समूची कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है । उक्त कृत्य के वीडियो 4 एवं 5 जुलाई को सोशल मीडिया पर तो चल ही रहे हैं, साथ ही सारे अखबारों में उक्त कृत्य की खबरे प्रमुखता से प्रकाशित हुई है। डॉ सिंह ने कहा कि आरोपी प्रवेश शुक्ला ने सत्ता के संरक्षण के चलते पीड़ित व्यक्ति दसमत रावत से स्वयं निर्दोष साबित करने के लिये शपथ पत्र भी ले लिया। इससे लगता है, कि




आदिवासियों पर अत्याचार सत्ता के संरक्षण में हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा आरोपी प्रवेश शुक्ला के वकील भी बन गए और बयान भी दे दिया कि प्रवेश शुक्ला का भाजपा से कोई संबंध नहीं है। जबकि प्रवेश शुक्ला को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने के समाचार भी प्रकाशित हुए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आरोपी को बचाने का काम कर रहे हैं।डॉ सिंह ने कहा कि पूर्व में सिवनी जिले में बजरंग दल कार्यकर्त्ताओं द्वारा निर्दोष आदिवासी मजदूरों की हत्या की गई थी। ऐसे कृत्य सत्ता के सरंक्षण में ही सम्भव लगते हैं। सीधी की घटना ने मध्यप्रदेश को पूरे देश में कलंकित कर दिया है। डॉ सिंह ने भाजपा सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वैसे छोटे-छोटे मामलों में भाजपा सरकार ने कई लोगों के घरों पर बुलडोजर चलवा कर उन्हें नेस्तनाबूत कर दिया है,जबकि इस प्रकरण में गृह मंत्री का बयान है कि अतिक्रमण होगा तो टूटेगा। यह प्रदर्शित करता है कि सरकार आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। इस घटना ने आदिवासियों के रहनुमा बनने के दावों की पोल खोल कर रख दी है।डॉ. सिंह द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे पत्र में दसमत रावत कोल आदिवासी द्वारा लिखवाए गए झूठे शपथ पत्र कराने की तथा वीडियो की जांच किसी तकनीकी विशेषज्ञ से कराई जाने एवं आरोपी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। डॉ. सिंह ने कहा कि जिस प्रकार विपक्षी दलों के नेताओं / कार्यकर्ताओं पर करा रहे हैं।

# डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

***पन्ना-*** *स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षाकाल में डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। बताया गया है कि बारिश की शुरूआत में मच्छर पनपने पर डेंगू रोग वायरस के संक्रमण से होता है और मादा ऐडीस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का इलाज समय पर नहीं होने से मरीज की हालत गंभीर हो सकती है और जान भी जा सकती है। वर्षा के मौसम में डेंगू बीमारी से ग्रसित होने की संभावना अधिक होती है।* ***रोग के लक्षण-*** *डेंगू में तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते, मांशपेसियों एवं जोड़ो में दर्द, आंखें घुमाने में दर्द शुरूआत की दशा में सामान्य लक्षण हैं। गंभीर स्थिति में मुंह, नाक और आंतों से खून आना, पेट दर्द, उल्टी होना और आंखों में खून उतरना, प्लेटलेट्स में अत्यधिक गिरावट होना जैसे लक्षण*



*होते हैं। इसी तरह चिकुनगुनिया बुखार में उंगलियों और हाथ पैर के जो?ों में तेज दर्द, सिर दर्द, हल्का बुखार बना रहना और त्वचा में चकत्ते होना सामान्य लक्षण हैं।* ***बचाव के उपाय-*** *डेंगू से बचाव का उपाय घर में मच्छरों को पनपने से रोकना है। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। इसलिए दिन में पूरे स्लीव्स के कपड़े पहनना चाहिए। पानी की सभी टंकियों व पात्रों को ढंककर रखना चाहिए। साथ ही बगैर उपयोग वाली वस्तुओं में जलभराव की रोकथाम के लिए इन्हें नष्ट करना चाहिए। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में बीमारी का इलाज आसानी से हो सकता है। डेंगू और चिकुनगुनिया की जांच जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बीमारी के लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने और चिकित्सक के परामर्श से पूर्ण उपचार लेने की सलाह दी गई है।*

# समान नागरिक संहिता लागू होने का प्रावधान स्वागत योग्य है-

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया-**सामाजिक समरसता व देश की सभी वर्ग की महिलाओं की दशा में समग्र सुधार के प्रयास के लिए वर्तमान केन्द्र सरकार का रोहित हुकुम रमगढा-चिमघन ने किया आभार

दतिया ओबीसी महासभा के जिला प्रवक्ता व क्रांतिकारी ने बताया कि, वर्तमान भारत में समान नागरिक संहिता कानून व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। संविधान के भाग-4 के अनुच्छेद-44 में समान नागरिक संहिता का प्रावधान है, अगर यह कानून पूर्ण रूप से लागू होता है तो निश्चित रूप से एक बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिणाम भविष्य के गर्भ में देखने को मिलेगा। इस कानून का संक्षिप्त अर्थ है - भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून का होना, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, समुदाय का ही क्यों ना हो! सभी धर्मो के लिए शादी तलाक, जमीन, जायदाद, सम्पत्ति बंटवारे इत्यादि में एक ही कानून तय होगा,यह एक निष्पक्ष कानून है।इस कानून का किसी भी धर्म से कोई ताल्लुक नहीं है इस कानून का उद्देश संक्षिप्त में किसी भी वर्ग विशेष के साथ होने वाले भेदभाव एवं पक्षपात को समाप्त करना है। यह सभी जाति, वर्ग व धार्मिक समुदाय के लिए कानूनों में एकरूपता प्रदान करने का प्रावधान है। इसमें विवाह,



तलाक, विरासत एवं गोद लेने का अधिकार है साथ ही धर्म या व्यक्तिगत कानून के आधार पर भेदभाव को खत्म करना और कानून के तहत सभी को समान सुरक्षा एवं अधिकार मिलेगा।रोहित हुकुम ने बताया कि हमारा देश विभिन्न धर्मों, परंपराओं ,संस्कृति त्यौहार, रीति- रिवाज को मानने वाला देश है साथ ही इस देश में विविधता बहुत है ।ऐसे में यह कानून अति आवश्यक था । आज भारत वैश्वीकरण, तकनीक तथा आधुनिकीकरण के दौर में तब्दील होता जा रहा है ,हमारा भारत आखिर कब तक जात-पात , मज़हब , साम्प्रदायिक दंगे, हिंसा, प्रतिद्वंदता को लेकर एक दूसरे से नफरत करता रहेगा,समय के साथ चलना आवश्यक है। मेरे प्यारे देशवासियों अब समय आ गया है कि राजनीतिक पार्टियों व धर्म से हटके सरकार के इस फैसले का स्वागत करना चाहिए।

**(महिलाओं के संदर्भ में)-** हुकुम ने बताया कि इस कानून से महिला सशक्तिकरण को बुनियादी तौर पर मजबूती मिलेगी। संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में समानता का अधिकार ,भेदभाव और शोषण के खिलाफ अधिकार है। बाल- विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, के लागू होने से बाल विवाह गैरकानूनी घोषित हुआ। लम्बे संघर्ष के बाद रूढ़ीवादिता की जंजीरों को तोड़कर महिला अधिकारों की यात्रा में 1978 में लड़कियों की विवाह की उम्र 18 बर्ष की गयी ! मुस्लिम विवाह अधिनियम के अंतर्गत 18 बर्ष तरूण अवस्था (कम उम्र) में शादी होने के कारण होने वाले शोषण से निश्चित रूप से इस कानून से निजात मिलेगी।यह कानून पोक्सो एक्ट 2012, बाल विवाह प्रतिषेध 2006 , पर भी त्वरित एक्शन लेगा । महिलाओं के शारीरिक और मानसिक परिपक्वता उनके विवाह संबंधो के लिए जरूरी है क्योंकि इसका असर सीधे उनके बच्चों के पालन-पोषण पर पड़ता है !संविधान के पंथनिरपेक्ष सिद्धांत में जाति,मजहब से ऊपर उठकर सभी महिलाओं के लिए समान कानून अनिवार्य होना चाहिए, इस ऐतिहासिक फैसले का हम स्वागत करते है।

# मौलिक कर्तव्यों का पालन कर देश को सर्वोच्चता के शिखर पर ले जा सकते हैः न्यायिक मजिस्ट्रेट



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में तथा जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चनासिंह के मार्गदर्शन में आज बुधवार शासकीय हाईस्कूल सतनवा?ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जितेन्द्र मेहर ने बाल संबर्धन एवं संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत बच्चों के लिए विधिक सेवा सहित उनके व्यक्तिृव का समग्र विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्र हमारे देश का भविष्य हैं उनका समग्र विकास ही हमारे देश का विकास है एवं मौलिक अधिकार एवं मूल अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताया गया कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को सर्वोच्चता के शिखर पर ले जा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, शाला त्यागी बच्चों को स्कूल में पुनः प्रवेश दिलाये जाने के संबंध में, स्कूल बैक पॉलिसी 2020 के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार च?ार ने बताया कि 22 जुलाई को समाधान आपके द्वार योजाना अंतर्गत लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शिक्षा विभाग, राजस्व, विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, एवं नगरपालिका के प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा, अगर आपका या अपके परिवार का इन विभागों में कोई प्रकरण लंबित है तो 22 जुलाई को उसका निराकरण समाधान आपके द्वारा अंतर्गत करा सकते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रचार्य विवेक महिन्द्रा, शिक्षक सुनील उपाध्याय, अरविन्द सरैया, अखिलेश रमन शर्मा, अविनाश राठौर, सुमन मारा, मेघा श्रीवास्तव पीएलवी गोपाल राठौर सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

### स्थ्य से भी सीधा संबंध है। गंदगी रोगों को जन्म देती है, प्रदूषण की जननी है और हमारी असभ्यता की निशानी है। अतः व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखने में योगदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।



मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक इं विपिन कुमार जैन ने कहा कि घर का कूड़ा-करकट गली अथवा सड़क पर ना फेंके। उस सफाई कर्मी के आने पर उसकी ठेला या वाहन में ही डालें। कूड़े-कचरे को नालियों में ना बहाएं। इससे नालियां अवरुद्ध हो जाती हैं। गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है।पॉलीथिन का प्रयोग बिल्कुल ना करें, ये गंदगी बढ़ाने वाली वस्तु तो है ही, पशुओं के लिए भी बहुत घातक है। घरों के शौचालयों की गंदगी नालियों में ना बहाएं। खुले में शौच ना करें तथा बच्चों को नालियों या गलियों में शौच न कराएं।नगर पालिका के सफाई कर्मिं का सहयोग करें।सार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ अंजू लता जी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण हमें स्वस्थ और स्वच्छ रहने में मदद करता है। पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखना हमारा सबसे पहला कर्तव्य है। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अभियानों में भाग लेकर हम ऐसा कर सकते हैं।आंल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन की डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट , निर्देशक डॉ नरेंद्र चौधरी, संरक्षक राकेश दक्ष एडवोकेट ,आलोक मित्तल एडवोकेट, ज्ञानेंद्र मित्तल एडवोकेट ,ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, प्रशांत जैन, डॉ राजेंद्र कुमार साहित्यकार,आदि ने कहा किइसअभियान का उद्देश्य भारत को एक स्वच्छ देश बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत भारत के प्रत्येक गाँव व शहर को स्वच्छ बनाना है। जिसके तहत प्रत्येक घर में शौचालय की व्यवस्था करना भी शामिल है।

# सैनिक सम्मेलन का आयोजन 6 जुलाई को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) कर्नल संजय सिंह ठाकुर ने बताया कि भिण्ड जिले में निवासरत समस्त भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 6 जुलाई 2023 को प्रातः 11ः 30 बजे सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला बैतूल पावर हाउस में सुरक्षाकर्मी गार्डस के रिक्त पदों की भर्ती के बारे में अवगत कराया जाएगा। समस्त भूतपूर्व सैनिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में इस सम्मेलन में आकर लाभ उठाऐं।

## थाना रौन पुलिस द्वारा चोरी गई ट्राली सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन एवं एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन मे ग्राम नौधा थाना रौन मे दिनांक 04/07/2023 को हुई चोरी मे अज्ञात दो आरोपीगण को महज 36 घंटे मे चोरी गई ट्राली ट्रेक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया।दिनांक 05/07/2023 को ग्राम बगियापुरा के रहने वाले जितेन्द्र सिंह राजावत पुत्र हरनाम सिंह राजावत उम्र 30 वर्ष के द्वारा रिपोर्ट की गई कि मै अपनी ट्राली को बृजेश ओझा की दुकान के बाहर ट्राली में काम कराने के लिये कस्बा रौन छोड़ गया था, जिसमें कमानी का सामान भी रखा था, जब मैने जाकर बृजेश ओझा से पूछा तो उसने बताया कि दिनांक 04/07/2023 के रात्रि 1ः 30 बजे ट्राली चोरी होना बताया। उक्त घटना पर से थाना रौन पर अपराध क्रमांक 145/2023 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया।अपराध के आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी लहार अवनीश बंसल द्वारा थाना प्रभारी रौन निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपीगण की पतारशी हेतु रवाना किया गया। टीमो के द्वारा तत्काल आरोपीगण की पतारशी की जाकर महज 36 घण्टे मे आज दिनांक 05/07/2023 को अपराध कारित किये जाने वाले दोनो आरोपीगण को आरोपी ट्यूबेल से चोरी गई ट्राली और अपराध में कारित करने में प्रयुक्त ट्रेक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया । जप्तशुदा मशरुका की कीमत करीबन 2,00,000 रुपये है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कुशवाह थान प्रभारी थाना रौन, उपनिरीक्षक विवेक प्रभात,एएसआई बलवीर सिंह,प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र भदौरिया, अरविंद तोमर,आरक्षक विपिन जाट,राहुल तोमर, अजय चौहान, शिवम, प्रेमसिंह, रामबरन,सायबर सेल एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक महेश,आरक्षक राहुल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।जप्तशूदा मशरुका में एक ट्रेक्टर सोनालिका, एक ट्रोली हल्के लाल रंग की,सात लोहे के एंगल,कीमत करीबन 2 लाख रुपये बताई गई है।

# पुलिस थाना करैरा द्वारा 70 लीटर कच्ची शराब कीमती 22,000 रूपये सहित आरोपी को किया गिरफ्तार ।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**करैरा।**पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं उक्त निर्देशों के पालन मे श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं स्छ्हक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 05.07.2023 को कस्वा भ्रमण के दौरान थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बांसगढ की नहर की पुलिया के पास दो प्लास्टिक की कैनों में अवैध कच्ची शराब से भरी हुई, नीले रंग की दो कैनो को कही ले जाने के लिये वाहन के इंतजार मे खड़ा हुआ है, सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पुलिस पहुंची तो एक व्यक्ति को हमराह फोर्स की मदद से घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बहादुर सिंह पुत्र होतम सिंह रावत उम्र 25 साल निवासी ग्राम बांसगढ थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया, आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कैन जिसमें करीब 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती करीवन 22,000 रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 441/23 पंजीबद्ध किया गया है ।

**बरामद माल** 01. 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कीमती करीवन 22,000 रूपये ।

**इनकी रही भूमिका** थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि बी0आर0 पुरोहित, आर0 319 चन्द्रशेखर मीणा, आर0 639 सोनू श्रीवास्तव, सैनिक 154 रामस्वरुप ।

# जापान में रोजगार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पिछडा वर्ग की बेरोजगार युवक-युवतियों को जापान में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना अन्तर्गत केयर वर्कर जॉब रॉल एवं कंस्ट्रक्शन जॉब रॉल के लिए आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक उर्त्तीण केवल पुरूषों से आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए है।जापान में रोजगार हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में केयर वर्कर जॉब रॉल के लिये शिवपुरी जिले के निवासरत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण एवं कन्सट्रक्शन जॉब रॉल के लिए आईटीआई अथवा पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण केवल पुरूषों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तथा आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन विभाग की वेवसाईट पर उपलब्ध है। योजना की अधिक जानकारी के लिये कार्यालय कलेक्टर (पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग) कलेक्ट्रेट परिसर शिवपुरी में सम्पर्क किया जा सकता है।

# छ.ग. वन कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में माननीय मुख्यमंत्री महोदय छत्तीसगढ़ शासन के नाम से गरियाबन्द डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन देखिए आगे क्या प्रतिक्रिया देती है शासन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद-** दिनांक 03.07.2023 को छ.ग. वन कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला शाखा गरियाबन्द के जिला पदाधिकारी एवम ब्लॉक पदाधिकारियों की उपस्थिति में चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में माननीय मुख्यमंत्री महोदय छत्तीसगढ़ शासन के नाम से गरियाबन्द कलेक्टोरेट में कलेक्टर महोदय की अनुपस्थिति में कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर श्री अनुप कुमार टोपो को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें छ.ग.वन कर्मचारी संघ जिला शाखा गरियाबन्द के जिलाध्यक्ष डोमार सिंह कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अजय चेलक, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर,उदन्ति वनमंडल अमर सिंह ठाकुर,हरिअर्जुन यादव, जाकिर हुसैन सिद्धिकि,देव सरन साहु,बैकुंठ सिन्ह ठकुर,तोरन नाग,देवेन्द्र तिवारी,धनेश कुमार सिन्हा,देव राम साहू,कमल कुमार साहू,लोकेश श्रीवास,चुमन बघेल,कमलेश कुमार ध्रुव,खेत्रमोहन साहू,लंबोदर सॉरी,टकेश्वर कुमार देवांगन,मनन सिंह ठाकुर,महेंद्र चौहान,नरेंद्र साहू,मिथिलेश यादव,प्रेमलाल नामदेव,चुरामन लहरे,शिवराज साहू,श्रीमती जानकी ध्रुव,मोहनलाल यदु एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# विद्युत विभाग द्वारा असत्य आधार पर लगाए गए मामले में न्यायालय ने ग्रामीणों को किया दोषमुक्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी के न्यायलय विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) शिवपुरी द्वारा विद्युत विभाग द्वारा असत्य आधारों पर मामला कोर्ट में पेश किया गया। जिस पर माननीय न्यायलय द्वारा मामले के आरोपी वीरेंद्र प्रजापति पुत्र काशीराम प्रजापति निवासि ग्राम बलेरा थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी एवं दूसरे आरोपी रामदयाल चिडार पुत्र श्री पन्नालाल चिड़ार निवासि ग्राम बलेरा थाना तेंदुआ जिला शिवपुरी उक्त दोनों में विचारण करते हुए माननीय न्यायाधीश श्री अमित कुमार गुप्ता जी विशेष न्यायाधीश शिवपुरी द्वारा दोनो आरोपियों को निर्दोष मानते हुए दोष मुक्त किया ।मामले में पैरवी अधिवक्ता रघुवर सिंह धाकड़ एवं विनोद शर्मा द्वारा की गई ।जिनके द्वारा अपनी दलील में गवाह और दस्तावेजों को असत्य ठहराया।प्रकरण में उपरोक्त विवेचना के आधार पर यह तथ्य युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित न होने से कि अभियुक्त वीरेन्द्र द्वारा दिनांक 02.11.2018 को समय 12ः00 बजे, ग्राम बलेरा, थाना तेंदुआ, जिला शिवपुरी म0प्र0 में, बिना वैध कनेक्शन के अवैध रूप से 63 केव्हीए एक्समायर से पी.वी.सी. के तीन तार डायरेक्ट जोड़कर खेत में स्थित 05 एच0पी0 की विद्युत मोटर चलाकर टमाटर की फसल में सिंचाई कर विद्युत का उपयोग / उपभोग किया। जो न्यायलय ने प्रमाणित नहीं पाया फलतः अभियुक्त को अधिनियम की धारा 135 के अधीन दोषमुक्त किया जाता है।एवं दूसरे आरोपी के प्रकरण में उपरोक्त विवेचना के आधार पर यह तथ्य युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित न होने से कि अभियुक्त द्वारा दिनांक 02.11.2018 को समय 01ः30 बजे, ग्राम बलेरा, थाना तेंदुआ, जिला शिवपुरी म0प्र0 में बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से 25 केव्हीए एक्समायर से पी.वी.सी. के तीन तार डायरेक्ट जोड़कर खेत में स्थित 03 एच0पी0 की विद्युत मोटर चलाकर टमाटर की फसल में सिंचाई कर विद्युत का उपयोग / उपभोग किया।जो न्यायलय ने प्रमाणित नहीं पाया फलतः अभियुक्त को अधिनियम की धारा 135 (1) (क) के अधीन दोषमुक्त किया जाता है। माननीय न्यायालय द्वारा दोनों ही मामलों में ग्रामीणों को दोषमुक्ति का निर्णय दिया गया।

क्या वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की हैट्रिक बना सकता है भारत

# साउथ अफ्रीका से पार पाना मुश्किल; शेष टीमों के खिलाफ 100 % जीत का रिकॉर्ड

द ऐशेज के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप-2023-25 की शुरुआत हो चुकी है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 12 जुलाई को वेस्टइंडीज दौरे पर रोसो टेस्ट के साथ करेगा। चैंपियनशिप के पिछले दो एडीशन में भारतीय टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया है। ऐसे में हर भारतीय फैंस के मन में सवाल है कि क्या भारतीय टीम इस सीजन के फाइनल में पहुंच पाएगी या नहीं। यदि भारतीय टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंच जाती है, तो ङ्खञ्जष्ट के फाइनल की हैट्रिक बना लेगी। जवाब तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। हमने भारतीय टीम के वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अवे और न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ 2-2 होम सीरीज के परिणाम निकाले, क्योंकि चैंपियनशिप में अब तक दो सीजन ही खेले गए हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का होम शेड्यूल आसान है, जबकि अवे शेड्यूल कठिन है। टीम इंडिया की वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घर से बाहर होंगी, जबकि न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के साथ मुकाबले घर में खेलने होंगे। चैंपियनशिप में भारत को कुल 6 सीरीज खेलनी है। इनमें 3 सीरीज बाहर (अवे) और तीन सीरीज घर (होम) में होंगी। वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के मैदानों पर भारतीय टीम के प्रदर्शन पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि टीम इंडिया की सीरीज जीत का 100 फीसदी रहा है, लेकिन साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम अब तक एक भी सीरीज नहीं जीत सकी है। ऐसे में अफ्रीका का दौरा भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत पिछली दो सीरीज में एक भी मैच नहीं हारा है, टीम ने 6 मुकाबलों में 4 जीते हैं, जबकि 2 ड्रॉ रहे हैं। साथ ऑस्ट्रेलियाई सरजमी पर टीम इंडिया ने पिछली दो अवे सीरीज में 8 टेस्ट खेले हैं। इनमें से टीम को 2 में पराजय मिली है, जबकि चार जीते हैं। शेष 2 टेस्ट बराबरी पर समाप्त हुए। साथ ही साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत ने पिछले दो दौरों पर 6 मैच खेले हैं। इनमें से चार हारे और दो जीते हैं। नीचे ग्राफिक्स में देखिए कैरेबिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में भारत का पिछली दो सीरीज में प्रदर्शन...



न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की होम सीरीज में जीत का रिकॉर्ड 100 फीसदी रहा है। इन देशों के खिलाफ भारतीय टीम पिछली दो सीरीज में नहीं हारी है। पिछले दो दौरे में भारत ने कीवियों को 1-0 और 3-0 से हराया था, जबकि अंग्रेजों के खिलाफ यह स्कोर 3-1 और 4-0 रहा है। बांग्लादेश की मेजबानी करते हुए टीम इंडिया ने 2-0 और 1-0 से सीरीज अपने नाम की हैं। ङ्खञ्जष्ट के मौजूदा सीरीज में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पास वे कीर्तिमान स्थापित करने का मौका होगा, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारतीय टीम कभी नहीं कर सकी है।

ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने की हैट्रिक भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घरेलू मैदान पर सीरीज जीतने की हैट्रिक बनाने का मौका होगा, क्योंकि टीम इंडिया ने 2018 और 2021 में कंगारू सरजमीं पर 2-1, 2-1 के अंतर से सीरीज जीती हैं। ऐसे में अगली टेस्ट सीरीज को जीतते हुए भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घर में लगातार तीन सीरीज जीतने का इतिहास बना सकती है। साउथ अफ्रीका में पहली बार कोई सीरीज जीतने का मौका भारतीय टीम अपने टेस्ट क्रिकेट के 91 साल के इतिहास में साउथ अफ्रीका से अफ्रीकी मैदानों पर टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है। ऐसे में इस साल टीम इंडिया के पास यह इतिहास रचाने का मौका है, क्योंकि पिछली दो सीरीज में टीम इंडिया के हार का अंतर मामूली रहा है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार हार से ज्यादा जीत इस साइकल में भारत के बाद कुल टेस्ट मुकाबलों में हार से ज्यादा जीत दर्ज करने का मौका है। अब तक के टेस्ट इतिहास में भारत ने कुल 570 टेस्ट खेले हैं। इनमें से 172 जीते और 176 गंवाए हैं। इस सीजन में टीम इंडिया इस आंकड़े को उलट सकती है।

नीदरलैंड की जीत से वर्ल्डकप क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक

# अब एक प्लेस के लिए तीन टीमें दावेदार

**हरारे।** वर्ल्ड कप क्वालिफायर के सुपर-6 मुकाबले में नीदरलैंड ने ओमान पर 74 रनों की जीत हासिल की है। वर्षा बाधित इस मुकाबले में डच टीम की जीत से भारत में 5 अक्टूबर से होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफिकेशन की रेस रोमांचक हो गई है। अब एक कोटे के लिए तीन टीमें दावेदार हैं। क्योंकि श्रीलंका पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में ओमान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नीदरलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 362 रन बनाए। जवाब में ओमान 44 ओवर में 6 विकेट 246 रन ही बना पाई थी कि बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा। आखिर में नीदरलैंड को ष्ठरुस्र मैथड के तहत विजेता घोषित किया गया। पॉइंट्स टेबल में 8 अंक लेकर श्रीलंका पहले ही वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर चुकी है, जबकि जिम्बाब्वे के 4 मैच में 6 और स्कॉटलैंड के 3 मुकाबलों में 4 अंक हैं। नीदरलैंड ने चार मुकाबलों 4 अंक हासिल किए हैं। अगला मैच स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे के बीच मैच होना है। अगर जिम्बाब्वे जीत जाता है, तो टीम क्वालिफाई कर जाएगा और यदि स्कॉटलैंड जीता और नीदरलैंड के रास्ते खुल जाएंगे। नीदरलैंड को अपना आखिरी मुकाबला स्कॉटलैंड से खेलना है। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की। विक्रमजीत सिंह और मैक्स ऑ डॉड बल्लेबाजी करने उतरे। मैक्स 35 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद वेस्ली बरेसी आए। विक्रमजीत और बरेसी के बीच 80 रन की पार्टनरशिप हुई। विक्रमजीत ने 109 बॉल में 110 रन बनाए। जबकि, बरेसी 97 रन पर आउट हुए। कप्तान सकॉट एडवर्ड्स 4, बास डी लीड 39 रन बना कर पवेलियन लौटे। शाकिब जुल्फिकार ने 17 बॉल में 33 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके बाद तेजा निदामानुरू 2 रन बना कर आउट हुए ,बारिश की वजह से 48 ओवर का खेल हुआ और नीदरलैंड ने 7 विकेट खो कर 362 रन बनाए। ओमान की ओर से बिलाल खान ने 3 विकेट लिए। जबकि, फयाज बट और अयान खान को 1-1 सफलता मिली। मोहम्मद नदीम को 2 विकेट मिली। टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान ने शुरुआत में ही अपने विकेट गंवा दिए। ओपनिंग करने उतरे कश्यप प्रजापरी 25 और जितेंदर सिंह 17 रन बना कर पवेलियन लौटे।



बेयरस्टो विवाद के बीच ब्रिटिश PM का ऑस्ट्रेलियंस पर तंज

# सुनक बोले- वे खेल भावना के विरुद्ध गए, हम ऐसे नहीं जीतना चाहेंगे

**लंदन।** ब्रिटिश PM ऋषि सुनक ने दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान जॉनी बेयरस्टो रनआउट विवाद पर ऑस्ट्रेलियंस पर तंज कसा है। सुनक के स्पोक्सपर्सन ने एक मीडिया ब्रीफ में कहा, %प्रधानमंत्री सुनक इस मसले पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की बात से सहमत हैं। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा था, %इस तरह का रनआउट खेल भावना के विरुद्ध है। हम ऑस्ट्रेलिया की तरह मैच नहीं जीतना चाहते हैं।

लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए एशेज टेस्ट के 5वें दिन इंग्लिश टीम 371 रन का टारगेट चेज कर रही थी। कप्तान बेन स्टोक्स ने बेन डकेट के साथ 132 रन की साझेदारी की। डकेट के आउट होने के बाद विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स ने साझेदारी शुरू की, लेकिन 52वें ओवर की आखिरी गेंद पर बेयरस्टो रनआउट हो गए। उनके रनआउट पर विवाद खड़ा हो गया। बेयरस्टो ओवर की आखिरी गेंद को छोड़ने के बाद स्टोक्स से बात करने के लिए क्रीज से बाहर निकल गए। उन्हें क्रीज से बाहर देख ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने बॉल को थ्रो किया और गिल्लियां बिखेर दीं। बेयरस्टो विकेटकीपर, फील्डर या अंपायर को बता कर क्रीज से बाहर नहीं निकले थे। इसीलिए गेंद डेड नहीं हुई और ऑस्ट्रेलिया की अपील के बाद थर्ड अंपायर ने भी बेयरस्टो को आउट करार दे दिया। नियम के अनुसार, बेयरस्टो आउट थे, लेकिन यहां %खेल भावना% का मुद्दा खड़ा हो गया। दरअसल, बेयरस्टो रन लेने के लिए क्रीज से बाहर नहीं निकले थे, वह तो ओवर खत्म होने के बाद अपने साथी से चर्चा करने के लिए जा रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर ने इसी बात का फायदा उठाया और डायरेक्ट थ्रो मार दिया। बेयरस्टो 10 रन बनाकर आउट हो गए। नियमों के अनुसार, बेयरस्टो आउट थे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर के थ्रो को स्टेडियम में बैठे इंग्लिश फैंस ने पंसद नहीं किया। फैंस ने फिर पूरे मैच के दौरान %चीटर्स..चीटर्स...% कहकर ऑस्ट्रेलिया टीम की हूटिंग की। बेयरस्टो अपने कप्तान बेन स्टोक्स से बात करने क्रीज से निकले, तभी एलेक्स कैरी ने उन्हें रनआउट कर दिया। इधर, स्ष्ट ने ख्वाजा से बहस करने वाले अपने 3 सदस्यों को सस्पेंड कर दिया। यह बहस तब हुई, जब ख्वाजा सहित ऑस्ट्रेलियन पहले सेशन के बाद मैदान से पवेलियन की ओर जा रहे थे। इस पर स्ष्ट ने ऑस्ट्रेलियन टीम से माफी मांगी।

फीफा वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज कोलकाता पहुंचे

# बोले- भारत आना मेरा सपना था, गांगुली और ममता बैनर्जी से मिलेंगे

**कोलकाता।** एमिलियानो मार्टिनेज सोमवार को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पहुंचे। फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में मार्टिनेज ने दो शानदार सेव कर टीम को वर्ल्ड कप जिताया था। फुटबॉल की वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना के स्टार गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज सोमवार को कोलकाता पहुंचे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर फैंस ने मार्टिनेज का गर्मजोशी से स्वागत किया। मार्टिनेज ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- %मैं उत्साहित हूं और बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने भारत आने का वादा किया था और मैं आया। भारत एक खूबसूरत देश है। भारत आना मेरा सपना था। मार्टिनेज अगले 3 दिनों तक भारत में रहेंगे। इस दौरान वे संतोष मित्रा स्क्वायर पर स्कूली बच्चों से भी मिलेंगे। वे मोहन बागान क्लब में पेले, डिएगो गेट का उद्घाटन करेंगे। अर्जेंटीना के फुटबॉलर के शहर की यात्रा के दौरान कुछ स्पोंसर इवेंट्स में भी भाग लेंगे।



अर्जेंटीना के फुटबॉलर के शहर की यात्रा के दौरान कुछ स्पोंसर इवेंट्स में भी भाग लेंगे। प्रीमियर लीग क्लब एस्टन विला के लिए खेलने वाले मार्टिनेज वेस्ट बंगाल की ष्टरूममता बनर्जी और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से मुलाकात करेंगे। मार्टिनेज एक चैरिटी मैच में मुख्य अतिथि होंगे। वह माराडोना स्मारक कार्यक्रम में भाग लेंगे। फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल मुकाबले में फुलटाइम और एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 3-3 से बराबर रहने के बाद अर्जेंटीना ने शूटआउट में फ्रांस को 4-2 से हराया। इस मैच में मार्टिनेज ने दो शानदार सेव किए। इस पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ भी मार्टिनेज ने पेनल्टी शूटआउट में दो सेव किए थे। उन्हें गोल्डन ग्लव्स अवार्ड दिया गया था। यह अवार्ड टूर्नामेंट के बेस्ट गोलकीपर को दिया जाता है। आर्सेनल और एस्टन विला के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद मार्टिनेज को साल 2021 में पहली बार अर्जेंटीना के लिए खेलने का मौका मिला। 2021 के कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना के यादगार प्रदर्शन में एमिलियानो मार्टिनेज की अहम भूमिका रही। उस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मार्टिनेज ने कोलंबिया के खिलाफ शानदार सेव किए थे।

रेसलर्स Vs बृजभूषण विवाद

# बयान बदलने पर नाबालिग पहलवान को नोटिस, कोर्ट ने 1 अगस्त तक जवाब देने कि लिए कहा

**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ (ङ्खस्नढ्ढ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान के बयानों पर दर्ज केस की क्लोजर रिपोर्ट पर मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कैंसिलेशन रिपोर्ट पर चर्चा हुई। जिसके बाद कोर्ट ने बयान बदलने पर नाबालिग पहलवान और उसके पिता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने 1 अगस्त तक जवाब देने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले नाबालिग पहलवान ने कोर्ट में भी अपने बयानों को बदलते हुए कहा था मामला यौन शोषण का नहीं, भेदभाव का है। उसने झूठी शिकायत दी थी। इस पर दिल्ली पुलिस ने 15 जून को कोर्ट में कैंसिलेशन रिपोर्ट दायर की थी। जिसमें कहा था कि %जांच में यौन शोषण के कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसलिए इस केस को बंद कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा भी बता चुकी हैं कि क्कह्रष्टस्ह्र मामले में हमने शिकायतकर्ता यानी पीड़ित के पिता और स्वयं पीड़ित के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने के लिए कोर्ट से अपील की है। नाबालिग पहलवान के दो



बार कोर्ट में बयान दर्ज किए गए। आज कोर्ट तय करेगा कि बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस चलेगा या नहीं। पुलिस ने 550 पन्नों की यह रिपोर्ट दाखिल की है। बृजभूषण शरण सिंह पर दूसरी स्नढ्ढक्र 6 बालिग पहलवानों के आरोपों पर दर्ज हैं। मामला स्क्रक्र कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने इस मामले में 1500 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। आरोपियों में असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों के मजिस्ट्रेट के सामने बयान को अहम आधार माना गया है। बृजभूषण के खिलाफ करीब 7 गवाह मिले हैं। वहीं यौन शोषण की कथित जगह पर उनकी मौजूदगी के भी सबूत मिले हैं। दरअसल, 7 महिला पहलवानों ने 21 अप्रैल को दिल्ली पुलिस में बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को 2 मामले दर्ज किए थे। पहला मामला 6 बालिग महिला पहलवानों की शिकायत पर था, जबकि एक केस नाबालिग की शिकायत पर दर्ज किया गया था पहलवानों ने इस मामले की जांच के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग की थी। अब महिला पहलवानों ने इस याचिका को वापस लेने की मांग की है।

वेस्टइंडीज में टीम इंडिया ने खेला बीच वॉलीबॉल

# रोहित-विराट बारबाडोस पहुंचे, 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले एक हफ्ते का प्रैक्टिस कैंप

**बारबाडोस।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी बारबाडोस पहुंच चुके हैं। भारतीय टीम आज से प्रैक्टिस शुरू करेगी। एक दिन पहले सोमवार को रोहित, विराट सहित टीम के खिलाड़ियों ने बारबाडोस में बीच वॉलीबॉल खेला। क्चष्टष्टढ्ढ ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। उससे पहले टीम का बारबाडोस में एक हफ्ते का कैंप लगाया जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों को 3 जुलाई तक बारबाडोस पहुंचने के निर्देश दिया है। रोहित शर्मा शनिवार को बारबाडोस पहुंचे थे। विराट सोमवार को टीम के साथ जुड़ गए। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया पहले दो टेस्ट मैच खेलेगी। पहला मैच 12 जुलाई और दूसरा 20 जुलाई से होगा। वनडे सीरीज 27 जुलाई से शुरू होगी, वहीं पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3 अगस्त से 13 अगस्त तक चलेगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा को भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले परफॉर्मेंस मेंटर नियुक्त किया है। वेस्टइंडीज टीम इस साल 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है। लारा वेस्टइंडीज के लिए 131 टेस्ट और 299 वनडे मैच खेल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में लारा ने 52.88 की औसत से 11953 रन बनाए हैं। वहीं वनडे में उन्होंने 10405 रन बनाए हैं।

विम्बलडन में स्वियातेक की आसान जीत, जोकोविच-रूड संघर्ष से जीते

# पहले दिन बारिश ने डाला खलल, छत बंद कर कराए गए मुकाबले

**लंदन।** टॉप सीड इगा स्वियातेक, नोवाक जोकोविच और कैस्पर रूड ने दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन में आसान जीत से शुरुआत की, हालांकि पहले दिन सोमवार को लंदन में बारिश ने फैंस के रोमांच में खलल डाला। बारिश की बाधा के कारण कई मैचों में विलंब हुआ, तो कुछ छत बंद करके सेंटर कोर्ट पर खेले गए। इससे पहले, मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम की शुरुआत हुई। यहां टूर्नामेंट की आयोजक संस्था ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में केरल की स्नेक बोट रेस को प्रमोट किया। क्लब ने एक फोटो पोस्ट की, जिसमें दुनिया के टॉप टेनिस स्टार स्नेक रेस में हिस्सा लेते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को खूब पसंद किया गया। विम्बलडन ने अपनी पोस्ट में इस फोटो के जरिए केरल के पारंपरिक खेल को प्रमोट किया।विम्बलडन ने



अपनी पोस्ट में इस फोटो के जरिए केरल के पारंपरिक खेल को प्रमोट किया। पहले दौर के मुकाबले में टॉप सीड इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। उन्होंने चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया। पोलैंड की स्वियातेक ने पहले दौर में चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया। पोलैंड की स्वियातेक ने पहले दौर में चीन की एल झू को 6-1, 6-3 से हराया। जेंटलमैन सिंगल्स में कैस्पर रूड को पहली जीत के लिए खूब पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने एल. लोकोली को 6-1, 5-7, 6-4 और 6-3 से हराया, जबकि दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने पी कैचिन को 6-3, 6-3 और 7-6 से हराया। सर्बियन स्टार जोकोविच बतौर डिफेंडिंग चैंपियन खेल रहे हैं। जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी की तारीफ करते नार्वे के कैस्पर रूड। उन्हें पहले दौर में चौथे सेट तक संघर्ष करना पड़ा। जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी की तारीफ करते नार्वे के कैस्पर रूड। उन्हें पहले दौर में चौथे सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में स्र ओपन होता है। स्र ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।



# सलमान के शो से बाहर हुई ये एक्ट्रेस

बिग बॉस ओटीटी 2 इस समय खूब सुर्खियां बटोर रहा है। टेलीविजन बिग बॉस से ज्यादा ड्रामा इस बार बिग बॉस ओटीटी में देखने को मिल रहा है। बीते हफ्ते कई ऐसे कारनामे हुए हैं, जिसे देख दर्शक हैरान रह गए। सबसे ज्यादा जद हदीद और आकांक्षा पुरी के किसिंग सीन को देख सलमान से लेकर टेलीविजन दर्शक सभी शॉक में थे। अपनी इस हरकत का खामियाजा आकांक्षा को एलिमिनेशन के तौर पर भुगतना पड़ा। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के होस्ट सलमान खान ने आकांक्षा और जद को उनके किसिंग सीन के लिए जमकर फटकार लगाई। सलमान ने जद को सीधा नॉमिनेट कर दिया था। जिससे उन्हें बीते हफ्ते के एलिमिनेशन से गुजरना पड़ा। बिग बॉस ओटीटी के सीजन 2 में बीते हफ्ते जिया शंकर, आकांक्षा पुरी और अभिषेक मल्हान घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेटेड थे। तीनों को वीकेंड के वार पर एक टास्क करने के लिए दिया गया। जिसमें उन्हें ये तय करना था कि उनमें से किसे बाहर जाना चाहिए। साथ ही ये शर्त भी रखी गई कि तीनों जितना ज्यादा समय लेंगे बाकी घरवालों के हाथ से बाजी उतनी ही निकलती जाएगी। अभिषेक और आकांक्षा ने जिया का नाम लिया। जिया ने आकांक्षा को चुना। जिसके बाद तीनों में काफी देर तक बहस हुई। इसी बीच सलमान ने आकांक्षा के घर से बाहर जाने की अनाउंसमेंट कर दी।

# कार्तिक-कियारा की फिल्म ने वीकेंड पर किया कमाल

कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म %सत्यप्रेम की कथा% बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखा रही है। दर्शकों को सत्यप्रेम और कथा की केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। वहीं अब वीकेंड पर फिल्म की जमकर कमाई की है। चौथे दिन का फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पिछले तीन दिनों से भी ज्यादा हुआ है। इसी के साथ फिल्म ने 40 करोड़ की कमाई कर ली है। भुल भुलैया 2 के बाद अब एक बार फिर कार्तिक और कियारा की फिल्म ने कमाल कर दिया है। ईद के मौके पर रिलीज हुई सत्यप्रेम की कथा दर्शकों पर अपना जादू चलाने में कामयाब रही है। समीर विदवान्स के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर अच्छा कलेक्शन किया था। हालांकि रिलीज के दूसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली थी। इसके बाद फिल्म ने वीकेंड पर अच्छी रफ्तार पकड़ी और संडे को शानदार कलेक्शन किया। कार्तिक और कियारा की इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म की कमाई कम हो गई थी, जिसमें फिल्म ने सिर्फ 7 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं शनिवार को फिल्म ने डबल डिजिट में कमाई की।

# शूटिंग के दौरान हादसे का शिकार हुए शाहरुख खान

हाल ही में शाहरुख खान एक शूट के लिए यूएस लॉस एंजेलिस गए थे। जहां उनका एक्सीडेंट हो गया। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक इस एक्सीडेंट के बाद शाहरुख की सर्जरी भी करनी पड़ी है। दरअसल शाहरुख एक प्रोजेक्ट के लिए यूएस में शूटिंग कर रहे थे, जहां इस दौरान उनकी नाक में चोट लग गई। उनकी नाक से खून बहने लगा, जिसके कारण उन्हें जल्द से जल्द हॉस्पिटल ले जाया गया। उनका एक छोटा सा ऑपरेशन भी करना पड़ा था। डॉक्टर्स की टीम ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। लगातार बहते खून को रोकने के लिए शाहरुख की छोटी सी सर्जरी करनी पड़ी। ऑपरेशन के बाद शाहरुख के नाक पर बैंडेज बंधा दिख रहा था। शाहरुख इंडिया लौट आए हैं और अपनी चोट से उबर रहे हैं। अभी तक शाहरुख की टीम ने उनके इस हादसे को लेकर कोई भी अधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। ना ही अभी तक शाहरुख की तरह से ऐसी कोई सूचना दी गई है। ये खबर सुनकर शाहरुख के फैंस काफी दुखी हो रहे हैं और एक्टर के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। शाहरुख के वर्कफ्रंट की बात करें तो इसी साल उनकी फिल्म %पठान% रिलीज हुई थी। जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 1000 करोड़ रुपए की कमाई की है। अब फैंस शाहरुख की अपकमिंग फिल्म %जवान% का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर इसी महीने रिलीज किया जाएगा। शाहरुख की इस फिल्म को एटली कुमार ने डायरेक्ट किया है। वहीं रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही शाहरुख के पास राजकुमार हीरानी की फिल्म %डंकी% में भी नजर आने वाले हैं, जिसमें विक्की कौशल और तापसी पन्नू भी हैं।



# असम की प्रख्यात गायिका सुदक्षिणा सरमा का निधन

गुवाहाटी। प्रख्यात गायिका सुदक्षिणा सरमा (89) का सोमवार को गुवाहाटी में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। सुदक्षिणा सरमा, असम के महान गायक दिवंगत भूपेन हजारिका की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उनकी एक बेटी है जबकि उनके पति गायक दिलीप सरमा और दो पुत्रों का पहले ही निधन हो चुका है। गायिका ने अपनी आंखें और देह मेडिकल अनुसंधान के लिए दान में देने की घोषणा पहले ही कर दी थी।

नौ वर्ष की आयु में सुदक्षिणा ने असम के विख्यात कलाकार बिश्नु रावा के नेतृत्व में कलकत्ता (अब कोलकाता) में ग्रामोफोन रिकॉर्ड्स के लिए चार गाने गाए थे। उन्होंने राज्य में वर्ष 1946 में महात्मा गांधी के अंतिम दौरे में 'ई जॉय रघुर नंदन' गाया था। महात्मा गांधी ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए, गायन कभी न छोड़ने के लिए कहा था। उनके दोनों पुत्र रितुपर्णा और ऋषिराज भी प्रसिद्ध गायक थे। ऋषिराज का निधन इसी वर्ष मई में हुआ।





# विवादों के बीच जेएनयू में होगी 72 हूरें की स्पेशल स्क्रीनिंग

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई फिल्म '72 हूरें' की आज खास स्क्रीनिंग होने जा रही है। ये स्क्रीनिंग दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू में होने जा रही है। साथ ही ये फिल्म 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर काफी विवाद चल रहा है। विवादों के बीच मेकर्स ने जेएनयू परिसर में फिल्म की स्क्रीनिंग करने का फैसला लिया है। फिल्म में दिखाए गए आतंकवादियों को मानसिक रूप से बरगलाने के दृश्यों पर लोगों ने आपत्ति जताई है। फिल्म में धर्म विशेष को लेकर दिखाई गई नकारात्मक बातों पर राजनीतिक दलों ने नाराजगी व्यक्त की है। आज यानी 4 जुलाई को फिल्म 72 हूरें की स्पेशल स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसे लेकर मेकर्स का कहना है कि स्पेशल स्क्रीनिंग छात्रों के लिए एक अच्छा मौका है, जो फिल्म में दिखाई गई आतंकवादी घटनाओं की सच्चाई को लेकर उन्हें खुद को व्यक्त करने का अच्छा अवसर प्रदान करेगी। फिल्म की जल्दी स्क्रीनिंग के फैसला को आतंकवाद जैसे गंभीर मसले को खुले तौर पर संवाद का एक अच्छा जरिया समझा जाना चाहिए। द कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरी के बाद अब 72 हूरें फिल्म काफी सुर्खियां बटोर रही है। आतंकवाद पर आधारित 72 हूरें फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड ने पास करने के इनकार कर दिया था। जिसके बाद फिल्म मेकर्स ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ट्रेलर रिलीज किया। रिलीज किए गए फिल्म के ट्रेलर में आतंकियों को हूरें का मतलब समझाया जाता है। जिसमें ट्रेनिंग के दौरान आतंकियों का ब्रेन वॉश किया जाता है और कहते हैं कि तुम्हारे मरने के बाद 72 कुंवारी लड़कियां तुम्हारी सेवा में होंगी। ट्रेलर में गेटवे ऑफ इंडिया का बम धमाके वाला सीन भी दिखाया जाता है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में पवन मल्होत्रा, आमिर बशीर, राशिद नाज, अशोक पाठक मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संजय पूरन सिंह चौहान ने किया है।

# रिलीज हुआ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर, ड्रामा-रोमांस से भरपूर है फिल्म

साल 2023 के मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी% का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आ रहे हैं। टीजर रिलीज के बाद से ही फैंस को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था। अब आखिरकार रॉकी और रानी का ड्रामा-रोमांस देखने को मिल ही गया। कुछ समय पहले ही फिल्म का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज किया गया था। जिसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। गाने में आलिया के तरह-तरह के लुक खूबसूरत शिफॉन साड़ियां और बर्फ का नजारा लोगों को खूब पसंद आया। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर रिलीज कर फिल्म मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है। ट्रेलर को देखकर ये कहा जा सकता है कि ये फिल्म फैमिली ड्रामा और रोमांस से भरपूर है। इस फिल्म में रॉकी रंधावा यानी रणवीर सिंह और रानी यानी आलिया भट्ट की लव स्टोरी दिखाई गई है। दोनों दो अलग बैकग्राउंड से आते हैं, लेकिन उनका प्यार उन्हें एक-दूसरे के काफी करीब कर देता है। रानी काफी पढ़ी-लिखी और तेज है, वहीं दूसरी ओर रॉकी पंजाबी मुंडा जो अपनी मस्ती में रहता है। दोनों की प्रेम कहानी में परिवार वाले दुश्मन बन जाते हैं।




# गदर 2 में हुई नाना पाटेकर की एंट्री

साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक %गदर 2% को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड हैं। ये फिल्म अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज से पहले दर्शकों के लिए फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है। अब तारा और सकीना की लव स्टोरी में %नाना पाटेकर% की भी एंट्री होने जा रही है। फैंस इस खबर को सुनकर बेहद खुश हो रहे हैं। अब इसके साथ ये सवाल उठ रहा है कि आखिर नाना पाटेकर किसी रोल में दिखाई देंगे। आइए हम आपको बताते हैं कि बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर नाना पाटेकर गदर 2 में किसी भूमिका में होंगे। दरअसल नाना पाटेकर इस फिल्म में एक्टिंग करते नजर नहीं आएंगे। एक्टर किसी किरदार में नहीं, बल्कि अपनी आवाज के जरिए गदर 2 में होंगे। वे इस फिल्म में अपना वॉइस ओवर देते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नाना पाटेकर ने गदर 2 के लिए वॉइस ओवर किया है और फिल्म में अपनी दमदार आवाज के साथ उपस्थिति दर्ज कराई है। नाना की आवाज फिल्म की शुरुआत में ही दर्शकों को गदर 2 से रूबरू कराएगी। तरण आदर्श ने एक ट्वीट शेयर किया है, जिसमें नाना पाटेकर डबिंग करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा नाना पाटेकर ने गदर 2 के लिए वॉइस ओवर किया। नाना पाटेकर ने गदर 2 के लिए अपनी आवाज दी है। नाना का वॉइस ओवर फिल्म की शुरुआत में ही दर्शकों को गदर 2 से परिचित कराएगा। ओम पुरी ने किया था गदर का वॉइस ओवरबता दें कि साल 2001 में रिलीज हुई गदर फिल्म में ओम पुरी ने अपनी आवाज दी थी। अब वे इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी जगह इस बार नाना पाटेकर इस भूमिका को निभाते नजर आएंगे। वहीं गदर 2, 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसी समय अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 भी रिलीज होगी। गदर 2 को लेकर फैंस में काफी बज बना हुआ है। फिल्म में सनी देओल और अमीषा पटेल के अलावा उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर, लव सिन्हा और गौरव चोपड़ा जैसे सितारे नजर आएंगे।



# रिलीज हुआ ओएमजी 2 का नया पोस्टर

अक्षय कुमार और परेश रावल स्टारर फिल्म %ओह माय गॉड% को दर्शकों का बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला था। साल 2012 में रिलीज हुई ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं अब फिल्म के 11 साल बाद अक्षय कुमार ओह माय गॉड 2 लेकर आ रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म के पहले पार्ट की तरह ओह माय गॉड 2 भी शानदार होने वाली है। फिल्म के पहले पार्ट में अक्षय कुमार भगवान कृष्ण के रूप में दिखाई दिए थे। वहीं अब ओह माय गॉड 2 में अक्षय भगवान शिव के अवतार में नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक्टर ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। अक्षय कुमार ने कुछ देर पहले ही अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंड पर ओह माय गॉड 2 का नया पोस्ट रिलीज किया है। इस पोस्ट में अक्षय कुमार भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करने के साथ अक्षय कुमार ने कैप्शन में फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस की है। अक्षय ने लिखा %बस कुछ दिनों मेंज्ओह माय गॉड 2 थिएटर में 11 अगस्त को। जल्द रिलीज होगा टीजर।% फिल्म में अक्षय कुमार के साथ-साथ यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सक्सेसफुल होगी। बता दें कि ओह माय गॉड 2 की कहानी भारत में सेक्स एजुकेशन के बैकड्रॉप के खिलाफ सेट की गई है। अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो, ओह माय गॉड 2 के प्रोड्यूस कर रहे हैं। अक्षय ने इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2021 में मध्यप्रदेश में शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। साथ ही उन्होंने लिखा था %करता करे ना करे शिव करे सो होय। ओएमजी 2 के लिए आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर प्रतिबिंबित करने का हमारा ईमानदार और विनम्र प्रयास। हर हर महादेव। हमें इस यात्रा के माध्यम से आशीर्वाद दें।

# सिरफिरा कोई बड़ी वारदात करता, उससे पहले पकड़ा गया, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

ग्वालियर में नाबालिग बच्चियों को पोर्न दिखाने वाला अनजान सिरफिरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बचियों ने दिखाने की बात अपने परिजन को बताई थी, इसके बाद परिजन ने कैमरे चेक किए तो सिरफिरा युवक नजर आया। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने बुधवार को घेराबंदी करने के बाद पकड़ा है। पुलिस समय पर उसे नहीं गिरफ्तार करती तो वह किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था।घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पारख जी के बाड़ा की है। वहीं लोगों का कहना है कि समय रहते आरोपी पकड़ गया, नहीं तो वह किसी बड़ी घटना को घटित कर सकता था। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है कि आखिर उसके मंसूबे क्या थे।ग्वालियर के कोतवाली थाना क्षेत्र के पारख जी का बाड़ा निवासी चौदह वर्षीय बालिका बीते रोज अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी, तभी एक युवक आया और उन्हें पास बुलाया। जब वह तथा उसकी सहेली पास पहुंची तो आरोपी ने अपने मोबाइल पर पोर्न मूवी स्टार्ट कर दी। पोर्न स्टार्ट होते ही बालिका वहां से निकलकर अपने घर पहुंचीं और परिजन को घटना की जानकारी दी। मामले का पता चलते ही परिजन उस स्थान पर पहुंचे, जहां पर आरोपी बच्चियों को पोर्न मूवी दिखा रहा था। उसे पकड़कर कुटाई शुरू की और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

बताया गया है कि इससे पहले भी आरोपी एक या दो बार इसी तरह बच्चियों को पोर्न दिखा चुका है। उस समय भी आरोपी के जाने के बाद बच्चियों ने परिजनों को शिकायत की थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की तो उसकी पहचान लक्ष्मीगंज निवासी आसिद खान उर्फ राशिद पुत्र सईद खान उर्फ पप्पू खान के रूप में हुई। साथ ही पता चला कि आरोपी दौलतगंज में फर्नीचर का काम करने आता है। पुलिस अब उससे पूछताछ करने में जुट गई है कि उसका इस तरह दिखाने का क्या उद्देश्य है। जिस तरह आरोपी बच्चियों को पॉर्न मूवी दिखा रहा था, उससे उसकी मानसिक विकृत्ति का पता चलता है। अगर समय रहते वह पकड़ा नहीं जाता तो वह किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था।

**आरोपी से पूछताछ में जुटी पुलिस**–कोतवाली थाने की सीएसपी केएम सियाज का कहना है कि बच्चियों को पोर्न दिखा रहे एक आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पता चला है कि इससे पहले भी वह इस तरह की घटना को अंजाम दे चुका है।

# 10 करोड़ रुपये से मिलेगा गांधी रोड को हेरिटेज लुक

**ग्वालियर.।** शहर की वीआइपी सड़कों में शामिल गांधी रोड को 10 करोड़ रुपये की लागत से थीम रोड के तौर पर विकसित किया जाएगा। नगर निगम के इंजीनियरों ने इसके लिए जयपुर और दिल्ली की कुछ सड़कों को देखने के बाद डिजाइन बनाना शुरू कर दिया है। शुरूआती डिजाइन के अनुसार इस रोड पर साइकिल ट्रैक, वाकिंग ट्रैक, फुटपाथ के अलावा लैंडस्केपिंग बनाई जाएगी। इनके अलावा सड़क किनारे म्यूरल भी तैयार किए जाएंगे। इस रोड को तैयार करने के लिए स्मार्ट सिटी कारपोरेशन ने नगर निगम के लिए बजट जारी कर दिया है। यह शहर की सबसे महत्वपूर्ण रोड इसलिए भी है, क्योंकि इसके दोनों तरफ न्यायाधीश से लेकर राजनेताओं, आइएएस और आइपीएस अधिकारियों के सरकारी बंगले बने हुए हैं।

शहर के पाश इलाके सिटी सेंटर को बाकी शहर से जोड़ने वाली गांधी रोड के किनारों पर पूर्व में नगर निगम ने हरियाली की व्यवस्था के लिए क्यारियां भी बनाई थीं। इसके बाद साइकिल ट्रैक, फिर फुटपाथ और फिर मुख्य रोड है। इसी रोड पर कुछ जगहों पर छोटी-छोटी ग्रीन बेल्ट भी विकसित की गई थीं। इन्हें लोहे की जालियों से कवर किया गया था। कई स्थानों पर अब साइकिल ट्रैक खराब हो चुका है। फुटपाथ भी टूट चुका है। पूर्व में स्मार्ट सिटी कारपोरेशन ने इस सड़क को तैयार करने की प्लानिंग की थी,



लेकिन बाद में नगर निगम के माध्यम से ही सड़क का सुंदरीकरण कराने पर सहमति बन गई है। निगम को इसके लिए राशि भी मिल चुकी है। अब डिजाइन तैयार होने के बाद इस सड़क के सुंदरीकरण के टेंडर कर दिए जाएंगे। निगम का प्रयास है कि इसे शहर की आदर्श रोड के तौर पर तैयार कराया जाए।

**सड़क की भी होगी मरम्मत**–सुंदरीकरण कार्य के अलावा यहां मुख्य मार्ग की मरम्मत भी की जाएगी। इसमें साइकिल ट्रैक को सुधारने के साथ ही सड़क का डामरीकरण कार्य भी शामिल किया जाएगा। हालांकि 10 करोड़ के बजट में यह काम होना संभव नहीं है, इसके चलते आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम द्वारा अपने मद से भी राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों की मौलिक निधि से भी इस रोड को संवारने के लिए राशि की मांग की जा सकती है।

**विशेष होगा पत्थर का काम**–ग्वालियर की विशेषता यहां का हेरिटेज है। यहां की ऐतिहासिक इमारतें भी ग्वालियर स्टोन से बनी हैं। ऐसे में यहां हेरिटेज का लुक लाने के लिए पत्थर का काम कराया जाएगा। इसके लिए आठ इंच मोटी पत्थर की जालियों से थ्रीडी डिजाइन तैयार कराए जाएंगे। ये जालियां कुछ इस प्रकार लगाई जाएंगी कि देखने पर इनमें आकृतियां नजर आएं। इन पत्थरों की मोटाई को ज्यादा रखा जाएगा, ताकि ये आसानी से टूट न सकें और असामाजिक तत्व भी इनको नुकसान न पहुंचा सकें। ये काम पीडब्ल्यूडी ओल्ड रेस्ट हाउस से लेकर बालाजी गार्डन के बीच कराया जाएगा।स्मार्ट सिटी के कुछ कार्यों को अब नगर निगम करेगा। इसमें गांधी रोड को संवारने और सुंदर बनाने का काम भी शामिल है। इसके लिए फिलहाल 10 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसमें साइकिल ट्रैक, फुटपाथ और लैंडस्केपिंग आदि कार्य कराए जाएंगे। इसकी डिजाइन पर काम अभी चल रहा है।

# जयवर्धन की मौजूदगी में कांग्रेसियों में लाठी-हाकी चलीं, पूर्व मंत्री के भतीजे की गाड़ी के कांच फोड़े

**ग्वालियर,** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह की मौजूदगी में स्वागत को लेकर पूर्व मंत्री लाखन सिंह के भतीजे संजय यादव, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष अशोक सिंह के रिश्तेदार माटू यादव समर्थकों में विवाद हो गया।दोनों के समर्थकों में तनानती स्टेशन से शुरू हुई। होटल सेंट्रल पार्क में दोनों में जमकर डंडे, हाकी चले। लाखन सिंह और अशोक सिंह के साथ भी धक्कामुक्की हुई। माटू यादव समर्थकों ने होटल में संजय यादव को घेर लिया और गाड़ी के कांच फोड़ दिए।पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह अपने साथ गाड़ी में बैठाकर संजय यादव को निकालकर ले गए। संजय यादव जौरा से दावेदारी कर रहे हैं। इस मारपीट को जयवर्धन ने छोटी-मोटी बात बताया। संजय यादव बोले- भाजपा के लोग घुस आये थे।



**जया किशोरी की कथा में आये थे जयवर्धन सिंह**–केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह अंचल में सक्रिय हैं। जयवर्धन सिंह बुधवार सुबह मितेंद्र यादव द्वारा आयोजित जया किशोरी की कथा में शामिल होने आए थे। पूर्व मंत्री की अगवानी करने बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता स्टेशन पहुंचे।

होटल सेंट्रल पार्क में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को थाटीपुर और जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष वीर सिंह तोमर के घर उनकी भाभी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए जाना था।

रेलवे स्टेशन ही शुरू हुआ झगड़ा-रेलवे स्टेशन से संजय यादव और माटू यादव समर्थकों के विवाद के बीच पूर्व मंत्री का काफिला होटल सेंट्रल पार्क पहुंच। यहां माटू यादव ने कहा मुझे अपशब्द किसने बोले थे।इस पर दोनों के समर्थकों में मुंहवाद शुरू हो गया। अशोक सिंह और लाखन सिंह होटल के बाहर भिड़ रहे कार्यकर्ताओं को अलग करते हुए नजर आए।इसी बीच कुछ लोगों ने हाकी, डंडे निकाल लिए। माटू यादव के समर्थकों ने संजय यादव के साथी के कुछ बोलने पर मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने डंडे से होटल परिसर में खड़ी संजय यादव की गाड़ी के कांच फोड़ दिए। जयवर्धन सिंह होटल से संजय को अपने साथ ले गए।

# दूसरों के कार्य में कमी निकालने वालों की नहीं करें परवाह



**ग्वालियर।** खाटू श्याम मंदिर लाइन नंबर एक के प्रागंण में आयोजित कथा नानी बाई को मायरो में जया किशोरी ने करुणामयी कृपामयी भजन से मंगलवार को कथा की शुरूआत की। उन्होंने दूसरों के काम में कमी निकालने वाले लोगों पर व्यंग्य करते हुए कहा कि समाज में कुछ ऐसे प्रतिष्ठित लोग होते हैं, जो जिंदगी में एक भी ढंग का काम नहीं करते हैं, लेकिन दूसरों की गलती निकालने में सबसे आगे रहते हैं। हमें ऐसे लोगों की परवाह किए बगैर अपने काम को निष्ठा से करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक अच्छा आदमी दूसरे अच्छे आदमी की प्रशंसा सहन नहीं कर सकता है, लेकिन भगवान अपने भगत के सत्कामों से प्रसन्न होते हैं। संगत का लाभ मिलता है नरसी भगत की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उनके सारे काम बनाए। नरसी की भक्ति के प्रभाव से न सिर्फ नरसी को बल्कि उनके मित्र को भी भगवान के दर्शन हो गए। जयोकिशोरी ने कहा कि अगर हमारी संगत अच्छी है तो हमें भी उसका लाभ मिलता है, जिस प्रकार नरसी के मित्र को भी नरसी की वजह से भगवान के दर्शन के मिले थे।

# एक्सीडेंट प्रोन एरिया में रुकेंगे हादसे वर्चुअल मैसेज स्क्रीन भी करेगी अलर्ट




**ग्वालियर.।** शहर और हाइवे पर एक्सीडेंट प्रोन एरिया में हादसे रोकने के लिए वर्चुअल मैसेज स्क्रीन लगाने की तैयारी है। ऐसे करीब 10 स्पाट हैं, जहां स्क्रीन और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाया जाएगा। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय प्रस्ताव भेजा गया है। वर्चुअल मैसेज स्क्रीन पर पूरे दिन अलर्ट वाले मैसेज चलेंगे। स्पाट को लेकर स्क्रीन अलर्ट करेगी। हादसों से जुड़े वीडियो भी चलेंगे। शहर में पांच ब्लैक स्पाट हैं, जहां सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। आधा दर्जन ऐसे प्वाइंट हैं, जहां एक्सीडेंट होते हैं, लेकिन यह प्वाइंट ब्लैक स्पाट नहीं है। एक्सीडेंट रोकने नए तरह का प्रयोग ग्वालियर पुलिस करने जा रही है। पांच ब्लैक स्पाट सहित ऐसे अन्य प्वाइंट, जहां हादसे हो रहे हैं, वहां बड़ी वर्चुअल मैसेज स्क्रीन लगाई जाएंगी। 10 स्पाट की सूची सड़क हादसे के आंकड़ों के हिसाब से पुलिस ने तैयार की है। पांच ब्लैक स्पाट पहले से शामिल थे। एनालिसिस के बाद पहले चरण में 10 स्पाट पर यह स्क्रीन लगाई जाएंगीं। ग्वालियर के लिए पुलिस मुख्यालय प्रस्ताव भेजकर बजट मांगा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से हरी झंडी मिल गई है। बजट स्वीकृत होते ही यह स्क्रीन लगाई जाएंगी।वर्चुअल मैसेज स्क्रीन पर प्ले किए जाएंगे वीडियो, बताए जाएंगे हादसों को रोकने के तरीके1. वर्चुअल मैसेज स्क्रीन पर कुछ वीडियो प्ले किए जाएंगे, जो इसी स्पाट के होंगे। इसमें कुछ खुद शूट किए वीडियो होंगे। इनमें इस प्वाइंट पर, जिस तकनीकि खामी की वजह से हादसे हो रहे होंगे, उसे बताया जाएगा।2. यहां अनाउंसमेंट 24 घंटे होगा, इसमें बताया जाएगा कि यह एक्सीडेंट प्रोन एरिया है। यहां संभलकर चलें।

# बैंक को ही ठगा, दिल्ली के कारोबारी ने नकली सोना गिरवी रखकर लोन लिया, कर्ज न चुकाने पर खुला राज

**ग्वालियर, ।** ग्वालियर में एक बैंक को ही ठग लिया गया है...सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा होगा, लेकिन यह सच है। यह ठगी करने वाला आरोपित है दिल्ली का कारोबारी, जिसने नकली सोने के जेवर बैंक में गिरवी रख दिए। इसके बाद गहनों के एवज में लोन ले लिया, जब उसने कर्ज नहीं चुकाया तो बैंक ने उसके गहनों को जब्त करने की प्रक्रिया की। इसमें जब जांच की गई तब यह राज खुला। जब उसने सोना रखा ही नकली था तो कर्ज चुकाकर इसे वापस क्यों लेगा? यह खुलासा होने के बाद बैंक प्रबंधन हरकत में आया। जिस शाखा में यह जालसाजी हुई है, वहां के प्रबंधक ने ग्वालियर के यूनिवर्सिटी थाने में एफआइआर दर्ज करवाई है। पुलिस आरोपित की तलाश के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन अभी उसका कोई सुराग नहीं लगा है।

**यह है कहानी**–आइसीआइसीआइ बैंक की सिटी सेंटर स्थित शाखा। आइसीआइसीआइ बैंक में गोल्ड लोन की भी सुविधा है। कुछ समय पहले यहां बुरहान जुबेर पुत्र राशिद जुबेद निवासी



शीलमपुर, नार्थ ईस्ट दिल्ली पहुंचा। उसने बताया कि उसे व्यापार के लिए कुछ पैसों की जरूरत है। उसने अपना आधार कार्ड लगाकर यहां 124 ग्राम 50 मिली ग्राम सोने के जेवर गिरवी रखे। बैंक ने जेवर के एवज में 4 लाख 97 हजार 505 रुपये का लोन स्वीकृत किया। लोन की राशि उसके खाते में ट्रांसफर कर दी गई। बैंक द्वारा लोन के एवज में ब्याज लिया जाता है। जब पूरी रकम चुका दी जाती है तो गहने वापस कर दिए जाते हैं। जब उसने लोन नहीं चुकाया तो बैंक ने इसे जब्त किया। इसके बाद सोने को गलाया जाता है। इस दौरान यह खुलासा हुआ। तब शाखा प्रबंधक प्रशांत गुप्ता ने यूनिवर्सिटी थाने पहुंचकर धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज करवाई।

**लोन स्वीकृत कैसे हुआ, पूरा सिस्टम कटघरे में**–लोन स्वीकृत करने से पहले सोने की जांच करवाई जाती है। यह सुविधा बैंक के अंदर ही है। जांच के बाद ही लोन दिया जाता है। अब जब सोना नकली था तो यह पहले पकड़ में क्यों नहीं आया? लोन कैसे स्वीकृत हो गया? इन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं है। इसलिए पूरा सिस्टम कटघरे में है।सोना गिरवी रखकर दिल्ली का एक कारोबारी आइसीआइसीआइ बैंक की सिटी सेंटर स्थित शाखा से लोन लेकर भाग गया है। उसने यहां नकली सोना गिरवी रखा था, यह जांच में पता लगा।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
मो. 7772843302
9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
| साइज फिक्स | रूपये |
| --- | --- |
| 8x4 cm | 1120 |
| 10x4 cm | 1400 |
| 12x4 cm | 1680 |
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
| साइज फिक्स | रूपये |
| --- | --- |
| 8x4 cm | 1050 |
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478